।। श्री शासनपति महावीराय नमः ।।
।। गुरुदेव प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरि गुरुभ्यो नमः ।।

धर्म की विविधा में शाश्वतता का प्रतीक

शाश्वत धर्म

संस्थापक–श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. | अप्रैल–2019
दिव्याशीष–लोकसंत जैनाचार्य श्रीमद्विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. | हिन्दी मासिक



तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी
जैनाचार्य
श्रीमद् जयंतसेन सूरि
अंक

पूज्य युग प्रभावक, पुण्य सम्राट, लोकसंत स्व. जैनाचार्य
श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. की स्मृति में

पुण्य सप्तमी पर्वोत्सव

शुभ दिन-26 अप्रैल 2019

पूज्य श्री गच्छाधिपति श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. व जैनाचार्य श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा. के सान्निध्य में आयोजन

* 17 अप्रैल 2019 महावीर जयंती । राजगढ़ में श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा की अंजन शलाका तथा प्रतिष्ठा ।
* चैत्र शुक्ला पूर्णिमा अप्रैल 19 को श्री जयंतसेन म्युजियम मोहनखेड़ा तीर्थ पर चातुर्मास की उद्घोषणा ।
* 25 अप्रैल ग्राम झकनावदा में श्री केसरिया नाथजी प्रभु, गणधर और गुरुदेव श्री की प्रतिष्ठा ।
* दिनांक 26 अप्रैल को श्री जयंतसेन म्युजियम मोहनखेड़ा तीर्थ पर पूज्य पुण्य सम्राट गुरुदेव श्री की वार्षिक द्वितीय तिथि का महोत्सव ।
* दिनांक 23 मई को अहमदाबाद में आत्मोद्धार–तीन का आयोजन जिसमें सामूहिक दीक्षाएँ सम्पन्न होंगी ।

विशिष्ट सहयोगी

1. श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी जैन ट्रस्ट, चैन्नई (तमिलनाडु)
2. श्री संभवनाथ राजेन्द्रसूरि जैन ट्रस्ट मंडल, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश)
3. श्री सांचा सुमतिनाथ राजेन्द्रसूरि जैन श्वे. ट्रस्ट, मदुराई (तमिलनाडु)
4. श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेन्द्रसूरि जैन ट्रस्ट, त्रिचनापल्ली (तमिलनाडु)
5. श्री सुविधिनाथ राजेन्द्रसूरि जैन श्वे. ट्रस्ट, मैसूर (कर्नाटक)
6. श्री पार्श्वनाथ राजेन्द्र जैन श्वे. ट्रस्ट, गुंण्टुर (आंध्रप्रदेश)
7. श्री राजेन्द्र सूरि जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट, सायला (राजस्थान)
8. श्री सायला जैन श्रीसंघ, सायला (राजस्थान)
9. श्री जैन श्वे. त्रिस्तुतिक संघ नारोली (ता. थराद, गुजरात)
10. श्री शंखेश्वर पार्श्व राजेन्द्र जैन श्वे. मूर्तिपूजक संघ, दावणगेरे (कर्नाटक)
11. श्री जैन श्वेताम्बर त्रिस्तुतिक संघ, बागरा, जिला-जालोर (राज.)
12. श्री कुंथुनाथ राजेन्द्र जैन चेरिटेबल ट्रस्ट. सरसी जिला-रतलाम (म.प्र.)
13. श्री अजितनाथ जैन श्वेतांबर त्रिस्तुतिक श्रीसंघ, बर्डियागोयल (त. जावरा, म.प्र.)

श्री राजेन्द्रसूरि कीर्ति मन्दिर तीर्थ ट्रस्ट

हमारे गौरव

ट्रस्टीगण महाप्रभावक गुम्मीलेरू तीर्थ

राजस्थान

राष्ट्रसंत श्री के पूज्य माता-पिता स्वरूपचंदजी धरू एवं पार्वतीदेवी

जैन रत्न श्री गगलदासभाई हालचंदभाई संघवी, अहमदाबाद

शा.तगराजजी जेठमलजी हिराणी रेवतड़ा, बैंगलोर

शा. किशोरचंदजी खिमावत खिमेल, मुम्बई



शा.जेठमलजी लादाजी चौधरी गढसिवाणा, बैंगलोर

शा. मिश्रीमलजी उकाजी सातेचा पाणसा, बैंगलोर

संघवी सांकलचंदजी इन्द्रजी वेदमुथा बैंगलोर

श्री शांतिलालजी रामाणी गुढाबालोतरा, नेल्लोर

शा. माणकचंदजी छोगाजी बालर बैंगलोर



श्री पुखराजजी पूनमचन्दजी जोटा दाधाल

शा. हजारीमलजी गजाजी चंदामुथा

मांगीलालजी शेषमलजी रामाणी गुढाबालोतरा, नेल्लोर

शंकरलालजी आईदानजी गांधी नेल्लोर

चंपालालजी बालचंदजी चरली

श्री धेवरचंदजी एल. जोगानी, मुम्बई भीनमाल

श्री शेषमलजी गुलाबचंदजी जैन बागरा

Received 12/4/19 3122

हमारे गौरव

श्री हीराचंदजी कानाजी गुंटुर (सियाणावाला)



श्री लालचंदजी सोनाजी संघवी धाणसा (राज.) विजयवाड़ा



स्व. सोलंकी चन्दनमलजी हीराजी आहोर विजयवाड़ा



श्री शांतिलालजी सोलंकी जालोर विजयवाड़ा

श्रीमती मोसंबीबाई पति स्व.श्रीचम्पालालजी तखतगढ़, मुम्बई

श्री बाबूलालजी गुण्टूर

कबदी जीतमलजी कुंदनमलजी सायला

भंडारी वस्तीमलजी खीमाजी विजयवाड़ा, आहोर

शा. रिखबचंदजी सरूपाजी सोफाडीया, रेवतडा

भंडारी पीरचंदजी केवलचंदजी बागरा



स्व. शा ओटमलजी गोराजी वेदमुथा, रेवतडा



शा. पारसमलजी हस्तीमलजी भंडारी, सायला

स्व. शा. गुमानमलजी धुकाजी मोदी, धानसा

मुथा उदयचंदजी जवाजी धाणसा

शा पुखराजजी फूलचंदजी दुरगानी, मोदरा, विजयवाड़ा

शा. घेवरचंदजी हंजाजी संघवी, धाणसा

शा. सरेमलजी गेनाजी सियाणा, विजयवाड़ा

शा. छगनराजजी मांडोत गुन्टुर

शा मोहनलालजी गोवानी चोरायु

शा. नरसाजी आसाजी बाफणा कोरा (राज.)

शा प्रतापचंदजी किसनाजी कटारिया संघवी अमरसर, सरत

श्री शा. कालूचंदजी हंजाजी संकलेचा, मेंगलवा/मदुराई



स्व. शा. दरगचंदजी हरकाजी सकलेचा मेंगलवा/मदुराई



स्व. श्री मिश्रीमलजी भंडारी जोधपुर/चैन्नई

श्री उत्तमचंदजी दरगचंदजी संकलेचा, मेंगलवा/मदुराई

कोबा (गांधीनगर)

34054

हमारे गौरव

शा. सेन्द्रकुमारजी राचकचंदजी पोरवाल
बागरा



श्री चंदनमलजी जेठमलजी
बागरा

श्री सुखाराजजी केसाजी
मेंगलवा

श्री रतनचंदजी कुन्दनमलजी
मेंगलवा



श्री नथमलजी खुमाजी
बागरा

श्री जेठमलजी कुंदनमलजी
मेंगलवा

श्री सांवलचंदजी कुंदनमलजी
मेंगलवा

श्री दूधमलजी मानकचंदजी
मेंगलवा

श्री बाबुलालजी सरेमलजी
मोदरा

श्री छगनराजजी भानाजी गांधी
सियाना

शा.सुमेरमलजी वरदीचंदजी वाणीगोता
आहोर (राज.)

श्री संघवी मानमलजी वीरमाजी
दादाल

श्री कांतिलालजी मूलचंदजी नानावत
आहोर

शा. उकचंदजी हिमताजी हिराणी
रेवतड़ा

शा. ओपचंदजी जवाजी ओस्तवाल
सायला



श्री एम. फूलचंदजी शाह
दाखणगिरी

शा. मोडमलजी जोईताजी बाफना
थलवाड नेल्लोर

स्व. श्रीमती बदामीबाई मोडमलजी
बाफणा-थलवाड़, नेल्लोर

मुथा थानमलजी कानाजी
आहोर विजयवाड़ा

स्व. सुखराजजी पिताजी कटारिया
संघवी थाणवसा विजयवाड़ा



संघवी भेरमलजी जेठाजी
मारवाड में अमरसर (सरत) विजयवाड़ा

सेठ भगराजजी कुनणमलजी
सांचोर

शा. फुलचन्दजी सुखराजजी गांधी
सियाणा यादगीरी

श्री राणमलजी हिमताजी
दादाल



श्री पुखराजजी नेकाजी कटारिया
संघवी, घानसा



सा सांवलचंदजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)

हमारे गौरव



स्व.सा तिलोकचन्दजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)

स्व.सा नरसींगमलजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)



स्व.सा पुखराजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)

स्व.सा परकचंदजी प्रतापजी
वाणीगोता अमरसर (सरत)



संघवी श्री. मिश्रीमलजी विनाजी
पटियाल धाणसा/बैंगलोर

श्री फुलचन्दजी सांकलचन्दजी
कोशेलाव

डूंगरचंदजी सोलंकी
सायला (राज.)

मीठालाल मनोहरलालजी झोरा
दाधाल-कोयम्बतूर

श्री उम्मेदमलजी हरकचंदजी
बाफना, पोंथेड़ी

श्री भंवरलालजी कुन्दनमलजी
संघवी, मोदरा (राज.)

पातीबाई वस्तीमलजी
कबदी, सायला

श्री ओटमलजी वर्धन
सायला

श्री जुगराजजी नाथाजी कबदी
सायला

श्री हेमराजजी कबदी
सायला

श्री हस्तीमलजी गांधीमूथा
सायला

श्री घेवरचंदजी गांधीमूथा
सायला

श्री चम्पालालजी गांधीमूथा
सायला

शा. धर्मचंदजी मिश्रीमलजी संघवी
आलासन



श्री देशमलजी सरेमलजी
मोदरा/बैंगलोर

शा. श्री स्व. हीराचन्द
फुलाजी गांव चुरा

श्रीमती पवनीदेवी दूधमलजी
कबदी, सायला



श्री दूधमलजी पूनमचंदजी
कबदी, सायला

श्री हस्तीमलजी केवलचन्दजी
फोलामुथा, सायला

श्री रमेशभाई हरण
भीनमाल, राजस्थान



श्री उगमराजजी तौलचंदजी
कटारिया संघवी, धानसा (हैदराबाद)

हमारे गौरव

शा. खुशालचंदजी गेबाजी
डामराणी मेंगलवा (हैदराबाद)

शा. जावंतराजजी
पाथेडी

शा. बगराजजी नरसाजी
झोटा, दाधाल



भंवरलालजी कानुगा
जालोर

श्री तिलोचन्दजी झोटा
(हैदराबाद)

सजु अग्रवाल
जालोर

पुखराजजी समताजी
गांधीमुथा, सायला

धर्मचंदजी चंदाजी
नानेसा, आकोली



शा. धींगड़मलजी भंवरलालजी
पटवारी, मांडवला/तिरुचि

कमलाबाई धींगड़मलजी पटवारी
चैन्नई, मांडवला

शा. निहालचंदजी धुलाजी
कातरेला, आहोर/मुंबई

गुजरात

वोरा अमृतलालजी डूंगरजी
अहमदाबाद

शा. तिलोकचंदजी चुन्नीलालजी छाजेड़
नैनावा



वोरा चिमनलालजी नथुचंदभाई

मोरखिया मणिलाल प्रेमचंदभाई
मुम्बई

श्री बाबूलालजी नाथाजी भंसाली
दाहोद

श्री चिमनलालजी पीताम्बरदासजी
देसाई



वेदलीया हालचंद भाई
भाणजी भाई, भोरडुवाला, डीसा

संघवी मुलचन्द भाई
त्रिभुवनदास, थराद

महाजनी ताराबेन
भोगीलाल सरूपचन्द, थराद

देसाई छोटालाल अमूलख भाई

संघवी धुड़ालाल अमृतलाल
(वकील)

शाह श्री राजमल भाई डूंगरजी भाई
थराद

संघवी श्री हीरालालजी कागजीभाई
थराद (लाटीवाला)

देसाई श्री हालचंदजी उजमचंदजी
थराद

श्री नरपतलाल वीरचंदजी संघवी
थराद

हमारे गौरव

वोहरा श्री प्रेमचंदभाई जीतमल भाई थराद

संघवी चिमनलाल खेमचंद थराद

संघवी पूनमचंद खेमचंद थराद

संघवी वीरचंद हठीचंद थराद

वोहेरा श्री माणकलाल भूदरमल दूधवा (गुज.)


मोरखीया अमृतलालजी चुन्नीलाल लाखणी

दलपतभाई खेमचंद महाजनी

श्री मफतलालजी हंसराज वारिया, (वड़गामड़ा) डीसा


अदाणी अमृतलाल मोहनलाल थराद


श्री चन्दूमल मफतलालजी वोहेरा, दुधवा (गुजरात)

मध्यप्रदेश

श्री शांतिलालजी भंडारी झाबुआ

श्री मदनलालजी सुराना रतलाम

श्री इन्दरमलजी दसेड़ा जावरा

स्व.मणिलालजी पुराणिक कुक्षी

स्व. समरथमलजी तळेरा कर्मड़वाला, उज्जैन

श्री सुजानमलजी जैन राणापुर (म.प्र.)

संघ शिरोमणी राजमलजी तलेसरा, पारा

भण्डारी चम्पालालजी रामाजी, पारा

श्री गट्टूलालजी रतिचंदजी सालेचा औरा, पारा

श्री कांतिलालजी केसरीमलजी भंडारी, पारा

स्व. भव्य हिमांशु लुणावत दाहोद (गुजरात)

स्व. श्री सुभाषजी भण्डारी मनावर (मेघनगर वाले)

श्री समरथमलजी पगारिया पारा जि. झाबुआ (म.प्र.)

श्री चांदमलजी वरदीचंदजी तांतेड़, लेडगांव

स्व.श्री कन्हैयालालजी सेठिया, कुशलगढ़


दलाल स्व. श्रीबाबूलालजी मेहता, कुशलगढ़


श्री मानसिंहजी राजगढ़


स्व. श्री बाबुलालजी भारतीय खाचरौद

हमारे गौरव

कालूरामजी औरा
टोपीवाले, रतलाम

जैन भूषण स्व. श्री वर्धमानजी
राठौर (बड़नगर)

स्व.श्री प्रकाशचंद्र लुणावत
(बामनिया वाले)

कर्नाटक

श्री भंवरलालजी तिलोकचन्दजी
वाणीगोता, बीजापुर (कर्नाटक)

श्री मनोहमलजी फूजाजी
भंडारी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री हिराचंदजी पुखराजजी
वाणीगोता, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री शेषमलजी ताराजी
कांकरिया, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री इंदरमलजी नेनमलजी
संघवी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री रूपचंदजी फूलाजी
भंडारी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व.भंडारी भुरमलजी भानाजी
मेंगलवा, (बीजापुर)

स्व. श्री दिनेशकुमार पुरमलजी
भंडारी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री प्रतापचंदजी समराजी
पोरवाल, बीजापुर (कर्नाटक)

श्री सुखराज प्रतापचंदजी
पोरवाल, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री कुंदनमलजी फुलाजी
संकलेचा, मेंगलवा (कर्नाटक)

श्री उम्मेदमलजी प्रतापजी
कंकुचौपडा, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री नागराजजी वालचंदजी
पाटनी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व.श्री मोहनलालजी मुलचंदजी
चौवाटिया, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री कुन्दनमलजी
फुलाजी सकलेचा (बीजापुर)

श्री धनराजजी नेनमलजी
संघवी, आलासन (बीजापुर)

श्री मुलचंदजी खुमाजी
बाफना, बीजापुर (कर्नाटक)

श्री देवीचंदजी हजारीमलजी
कावदी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व.श्री रिखबचंदजी प्रभुतमलजी
पोरवाल, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री डुंगरचंदजी हजारीमलजी
कावदी, बीजापुर (कर्नाटक)



शाह सोहनलाल
मिश्राचंदजी बीजापुर

सुमेरमलजी अनाजी
वाणीगोथा, बीजापुर/भीनमाल

ज्ञा. श्री वस्तीमलजी सोनाजी
बाफना, बीजापुर (सायला)

॥ विश्वपूज्य प्रभु गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी गुरुभ्यो नमः ॥

धर्म की विविधा में शाश्वतता का प्रतीक

शाश्वत धर्म

अप्रेल-2019 संस्थापक-श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. हिन्दी मासिक

संस्थापक :
स्व. गुरुदेव श्रीमद् विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.

दिशा निर्देशक :
स्व.पू. लोकसंत जैनाचार्य श्रीमद्
विजय जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा.

सम्पादक :
सुरेन्द्र लोढ़ा
E-mail : shaswatdharmajain@yahoo.in

कार्यालय :
शाश्वत धर्म
ठि. गुरु श्रीमद् राजेन्द्रसूरि शताब्दी मार्ग
धानमंडी, मंदसौर (म.प्र.)458002

शाश्वत वर्ष 67 अंक 4
वीर सं. 2541 राजेन्द्र सं.109 विक्रम सं. 2073

इस अंक का मूल्य	-	15रु.
एक वर्ष का शुल्क	-	150रु.
पांच वर्ष का शुल्क	-	600रु.
दस वर्ष का शुल्क	-	1100रु.

शाश्वत धर्म संचालन समिति

श्री शांतिलाल रामानी	(संयोजक)
श्री रमेशभाई धरू	(परिषद अध्यक्ष)
श्री सुरेन्द्र लोढ़ा	(सम्पादक)
श्री अशोक श्रीश्रीमाल	(महामंत्री)
श्री. ओ.सी जैन	(न्यासी)
श्री विनोद संघवी	(न्यासी)

भारत सरकार का पंजीयन क्र. 13067/57
स्वामी अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् के लिए **सुरेन्द्र लोढ़ा**, गुरु श्रीमद् राजेन्द्रसूरि शताब्दी मार्ग, धानमण्डी, मंदसौर द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित।
मुद्रक -छाजेड़ प्रिन्टरी प्रा.लि., रतलाम

प्रेरक प्रसंग

उपसर्ग के कारण लोकोवधि ज्ञान प्राप्ति

श्री वर्धमान महावीर
छद्मस्थकाल में विचरण करते हुए
ग्रामक सन्निवेश के गांव शालीशीर्ष पधारे।
वे
उद्यान में स्थिरता कर ध्यान में स्थिर हो गये।

कटपूतना व्यंतरी को अपने पूर्व भव के वैर का स्मरण हो गया। भगवान के त्रिपृष्ठ वासुदेव के भव में वह अपमानित हुई थी। वह बदला लेने के मनोभाव से आई।

उसने तपस्विनी का रूप धर लिया तथा कड़कती शीत में रात्रि भर अपने बालों में ठंडा जल लाकर प्रभु के शरीर पर छिटकती रही, उन्हें कष्ट देती रही।

लेकिन
श्री वर्धमान महावीर
उसी ध्यानस्थ मुद्रा में
अडिग-अटल-अविचल-शांत रहे।

उनने उपसर्ग धैर्य के साथ सहन कर लिया। कटपूतना ने हार मान ली। भगवान से क्षमा मांगकर चली गई।

प्रभु को
उपसर्ग सहन करने के कारण लोकोवधि ज्ञान उत्पन्न हो गया।

- सुरेन्द्र लोढ़ा

अनुक्रमणिका

1.	संपादकीय (सुरेन्द्र लोढ़ा)	9
2.	मानवाधिकारों के प्रणेता भगवान महावीर (डॉ. दिलीप धींग)	15
3.	वर्तमान को चाहिये वर्द्धमान (मुनि श्री सुमेरमलजी लाडनू)	17
4.	प्रभु महावीर के जीवन की विशिष्ट घटनाएँ (संकलन-विनय कुमार छिपानी)	19
5.	श्री महावीर स्वामी भगवान (प्रेषक : अरविन्दसी मोदी)	21
6.	जन्म-जयन्ति पर दोहान्जलि (डॉ. श्रीमती कोकिला भारतीय)	23
7.	गुरु परंपराएँ पुण्य सम्राट गुरुदेव श्री के देवलोक गमन की कालगणना (मुनि चारित्ररत्न विजयजी)	28
8.	श्री जयंतसूरि वंदना (श्रीमती पारसमणी मारवाड़ी)	30
9.	दिव्य पुरुष जयन्तसेनसूरिजी म.सा. (श्री अनिल जैन)	31
10.	परिषद का अभिमान गुरुवर गुण की खान (श्री सुनील बांठिया, इंदौर)	33
11.	पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा. का गागर में सागर के समान अल्प परिचय	35
12.	पुण्य सम्राट करूणा के अवतार थे (अशोक श्रीश्रीमाल, इंदौर)	37
13.	जयंतसेन हस्ताक्षर	39
14.	अशुभ वचनयोग (स्व. श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	40
15.	गणधरवाद (स्व. श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	43
16.	मैं जानता हूँ (स्व. श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	46
17.	शब्द नये किसे कहते हैं? (प्रश्नोत्तरी)	48
18.	स्वस्थ्य प्रतिस्पर्द्धा करें-चिंतन का चित्रांकन (जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	49
19.	मांसाहार से ग्लोबल वार्मिंग का अभिशाप (जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा.)	50
20.	अध्यक्षीय पाती (वाघजीभाई वोरा)	52
21.	अध्यक्षीय संदेश (रमेशभाई धरु)	53
22.	तीर्थंकर-तारेश-28 (मुनिराज डॉ. श्री सिद्धरत्नविजयजी म.सा.)	54
	भाण्डवपुर-एक संस्मरण उपाध्याय रमेशमुनि शास्त्री	54
23.	जैन इतिहास के अधखुले पृष्ठ (मुनिराज श्री चारित्ररत्न विजयजी म.सा.)	56
24.	मेरे गुरु थे 'सर्वेगुणनिपुण' (मुनिश्री निपुणरत्नविजय म.सा.)	57
25.	सद्गुरुः किंस्वरुपम्? (पुण्यसम्राट ज्ञानज्जनम् पर्व-पाटण)	59
26.	कालचक्र तथा उसके आरे (मुनिराज श्री प्रशमसेनविजयजी म.सा.)	60
27.	सम्राट श्री संप्रति (सुरेन्द्र गंग)	62
28.	दिव्य प्रकाशित श्रमण भगवान महावीर जीवन के दो प्रसंग (शान्तिलाल सगरावत, मन्दसौर)	63
29.	गुजराती संभाग	65-80
30.	कुमकुम सने पगलिये	81-87
31.	श्री संघ सौरभ	88-94
32.	परिषद प्रांगण से	95-103
33.	जैन विश्व	104-106
34.	शाश्वत धर्म के संरक्षक	107-108

संपादकीय

तीर्थंकर महावीर स्वामी का दिव्य साधना काल



अचल-अडिग-अदम्य समत्वभाव एवं सहिष्णुता के साथ तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी ने केवल ज्ञान की प्राप्ति के अभिप्राय से साढ़े बारह वर्षों जितने दीर्घकाल को तपस्यामयी व्यतीत किया। यह उनके जीवन का विशिष्ट साधनाकाल था। इतने (साढ़े बारह वर्षों) समय में उनने केवल तीन सौ गुनपचास दिन आहार ग्रहण किया, शेष वर्ष माह या दिवस वे निर्जल उपवास के संकल्पों से युक्त रहे। वे योग के किसी एक आसन में ध्यानस्थ हो जाते थे एवं उन्हें ध्यानावस्था में शरीर निष्कम्प रखने का अभ्यास था। उनने शरीर के निर्वाह हेतु ठंडे, रुखे, निःवादी आहार का ही सेवन किया। उन्होंने देह की ममता को सम्पूर्ण त्याग दिया था।

तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी का जन्म ईसा पूर्व 599 में चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की मध्यरात्रि के समय उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र में माता त्रिशला की कुक्षी से हुआ। आपके पिता सिद्धार्थ थे जो काश्यप गौत्रीय ज्ञातृक क्षत्रिय वंशी थे तथा विदेह में स्थित कुण्डपुर अथवा कुण्डग्राम के राज्य अधिपति (शासक) थे। माता त्रिशला वैशाली के शक्तिशाली नरेश राजा चेटक की बहिन थी। बालक के जन्म लेते ही परिवार में समृद्धि, खजाना, धन-धान्य, यश, कीर्ति आदि में अभिवृद्धि होने लगी अतएव परिवार ने नवजात पुत्र का नाम वर्धमान रखा। एक जनश्रुति का कथन है कि संजय तथा विजय नामक दो चारण मुनियों को तत्वार्थ सम्बन्धित शंका हो गई थी लेकिन कुछ दिन बाद ही बालक वर्द्धमान के दर्शन करने मात्र से समाधान हो गया, अतएव उनने उसका नाम 'सन्मति' सम्बोधित किया। श्वेताम्बर मान्यता के अनुसार वर्द्धमान का विवाह समरवीर की रूप

सम्पन्न राजकुमारी यशोदा के साथ हुआ जिससे अणोज्ज नाम की पुत्री का जन्म हुआ जिसका विवाह जमाली से किया गया। इनके दो पुत्रियां शेषवती तथा यशस्वीता थीं। दिगम्बर जैन ग्रंथ वर्द्धमान को अविवाहित मानते हैं। वर्धमान के काका का नाम सुपार्श्व, ज्येष्ठ भ्राता का नन्दिवर्द्धन तथा बहिन का सुदर्शना था। उन का व्यक्तित्व सर्वगुण सम्पन्न, असीम सौन्दर्यवान, शक्तिशाली तथा कुशाग्रबुद्धि से समृद्ध था। इनके माता-पिता पार्श्व मतानुयायी थे। प्रभु ने दीक्षा से दो वर्ष पूर्व ही रात्रि भोजन एवं कच्चे जल का त्याग कर दिया था. उनने इस काल में ब्रह्मचर्य का भी पालन किया।

शैशवावस्था में वर्धमान की धीरता, शौर्यता तथा वीरता के कारण एवं अतुलबली होने, परिषहों तथा उपसर्गों को अचलभाव से सहन करने की समर्थता, प्रत्येक संकट में दृढता रखने की क्षमता के कारण इनका नाम 'महावीर' हो गया।

तीस वर्ष की आयु में आपने परिवार, सम्पत्ति, राजसुख तथा गृहस्थजीवन का त्याग कर अभिनिष्क्रमण किया तथा तिथि मार्गशीर्ष कृष्णा दसमी को निर्जल ढाई दिन की तपस्या के साथ दीक्षा ग्रहण की। विशाल जनसमुदाय के मध्य दीक्षा का कार्यक्रम क्षत्रियकुण्ड के मध्य स्थित ज्ञातृ-खण्ड-उद्यान में सम्पन्न हुआ। प्रभु ने आभूषणों तथा वस्त्रों को अपनी देह से हटा कर स्वयं अपने हाथ से पंच-मुष्टि लोच किया। उनने सिद्धों को नमस्कार करते हुए प्रतीज्ञा की 'सव्वं मे अकरणिज्जं पावं कम्मं'- अब से मेरे लिये सभी पाप कर्म अकरणीय हैं अर्थात् मैं आज से किसी भी प्रकार के पापकार्य की प्रवृत्ति नहीं करूंगा। उनने संकल्प किया कि आज से सम्पूर्ण सावद्य कर्म का तीन करण (करना, करवाना या करने का अनुमोदन करना) और तीन योग (मनयोग, वचन योग, काय योग) से त्याग करता हूँ। यह राग पर त्याग की प्रचंड विजय थी।

आपने उसी समय अभिग्रह धारण किया कि- 'जब तक केवलज्ञान उत्पन्न नहीं होगा तब तक मैं देह की ममता छोड़कर रहूंगा, जो भी उपसर्ग या कष्ट उत्पन्न होंगे उनको समभाव पूर्वक सम्यक्रूपेण सहन करूंगा।' उसके साथ ही उनने वहाँ से अकेले पैदल विहार कर दिया, उपस्थित सम्पूर्ण जनसमुदाय उन्हें तब तक देखता रहा जब तक कि वे ओझल नहीं हो गये। महावीर स्वामी संध्या के समय मुहूर्त्तभर दिन शेष पहले कुर्मारग्राम पहुंचे तथा वहाँ उनने ध्यानावस्था का वरण कर लिया। आपने साधना के मार्ग पर अग्रसर होते हुए बौद्धिक परिश्रम तथा

शक्ति से कठोर श्रम किया अतएव आप श्रमण कहलाये। प्रवज्या ग्रहण करने के उपरांत एक वर्ष और एक मास तक महावीर ने देवदुष्य वस्त्र अपने पास रखा लेकिन बाद में अचेलक अर्थात् निःवस्त्र हो गये। दिगम्बर मान्यता के अनुसार महावीर ने दीक्षा ग्रहण करते ही वस्त्र का त्याग कर दिया था एवं वे नग्न रहते थे। वे महातपस्वी थे। दीक्षा की प्रक्रिया में प्रयुक्त सुवासित वस्त्रों तथा विलेपन की सुगन्ध के कारण चार माह तक भ्रमर कीट, चंचु-जंतु आदि के दंश सहन करना पड़े लेकिन महावीर ने समत्वभाव से सहन किया। वे इन्हें न तो उड़ाते थे, न हाथों से खुजालकर भगाते थे। वे शरीर का अपने किसी अन्य अंग से भी घर्षण नहीं करते थे। जब वे विचरण करते थे या ध्यानस्थ होते थे तब लोग कौतुहल से एकत्र हो जाते थे, वे यदाकदा पत्थरों या दण्डों से प्रहार भी करते थे लेकिन महावीर महावीर रहे, अविचल बने रहते थे। वे नयनों में पड़े धूलकणों को निकालने के लिए कभी आँखों को मसलते तक नहीं थे। अपने साधना काल में निर्जन झोपड़ियों, कुटियाओं, धर्मशाला या प्याऊ के स्थान आदि जगहों पर ठहरते थे। सर्दी में भयंकर ठंड होने पर भी कभी बाहुओं को समेटते नहीं थे। कड़कड़ाती शीत से उत्पन्न असह्य पीड़ा उन्हें उफ् तक नहीं उच्चारण करवा पाती थी। श्रमण भगवान ऐसे क्षणों का सामना भी खुले स्थल पर नग्न खड़े-खड़े काऊस्सग्ग मुद्रा अपना कर करते थे। कभी-कभी साधना काल में असामाजिक तत्व उन पर प्रहार करने लगते थे, उन्हें पीटना शुरू कर देते थे, उन पर धूल फेंकते थे लेकिन महावीर अविचल रहते थे। उन पर होने वाले उपसर्गों को वे शान्तरूप में सहन कर लेते थे। कोई उन्हें तिरस्कृत करता तथा भगाता तो वे वह स्थान त्याग कर अन्यत्र अवस्थित हो जाते थे। सम्पूर्ण साधना काल में जागृत रहे, एक बार को छोड़कर कभी भी उनने निद्रा नहीं ली, दर्शनावरणीय कर्म के उदय से जब भी निद्रा सताती वे कुछ समय चंक्रमणकर वे निद्रा से मुक्त हो जाते थे। निरंतर ध्यान चिन्तन तथा कायोत्सर्ग मुद्रा में रहना ही उनकी चर्या थी। एक वर्ष में चार मास वर्षावास के रूप में एक स्थान पर वे स्थिर रहते थे लेकिन शेष आठ मास पैदल विचरण करते थे। इस विचरण में भी ग्राम स्तर पर एक रात्रि तथा नगर स्थिति में पांच रात्रि से अधिक स्थिरता नहीं करते थे। वे स्वयं के शरीर की इच्छा, सुरक्षा या उसके दुःख के प्रति एकदम उदासीन रहे। शरीर के प्रति कोई ध्यान, आसक्ति अथवा आकर्षण का भाव उनमें नहीं था। पूरे साधना-काल में उन्हें देव, मनुष्य या तिर्यंक की ओर से भीषण प्रतिकूल या अनुकूल परिषद् तथा उपसर्ग सहन करना पड़े जो उन्होंने

क्रोध या प्रतिक्रिया रहित, निर्भय एवं मन के संतुलन के साथ स्वीकार किये। तपस्या की पृष्ठभूमि में कर्मों का क्षय और केवल ज्ञान की प्राप्ति ही उद्देश्य रहा। इसके अतिरिक्त कोई अपेक्षा अथवा नियाणा नहीं था। उनके राग-द्वेष दूर हो चुके थे। वे शांत, उपशांत बन गये थे, सभी प्रकार के संताप से मुक्त हो चुके थे। शास्त्रों में उन्हें धीर, साहसी तथा सुभट योद्धा के रूप में अंकित किया गया है। कल्पसूत्र में उन्हें महावराह के एक सींग के समान एकांकी, पक्षी की तरह अनिकेतन, भारण्ड पक्षी के समान अप्रभत्त, हाथी की तरह शूर, बैल के अनुरूप पराक्रमी, सिंह के समकक्ष अजेय, मंदार पर्वत की भांति अडिग व सुस्थिर सागर के बराबर गंभीर, चंद्र की भांति सौम्य, सूर्य के समान तेजस्वी, स्वर्ण की तरह कांतिमान, पृथ्वी के अनुरूप क्षमाशील और अग्नि के समान जाज्वल्यमान तेजस्वी विवेचित किया गया है। निस्सन्देह वे शरद ऋतु के पानी की तरह निर्मल तथा कमल पत्र की भांति निर्लेप थे। वे अनुपम उत्तम ज्ञान, दर्शन, क्षमा, सरलता, वीर्य, अपरिग्रह तथा सत्य आदि सद्गुणों का आचरण करते हुए, तीन गुप्ति तथा पाँच समिति का पालन करते हुए, अठारह पापस्थानकों से मुक्त रहते हुए, पंचाचार युक्त जीवन जीते हुए, पंच महाव्रतों को जीवन के शिलालेख में परिस्थित करते हुए निरंतर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते रहे एवं मुक्ति के सन्निकट आरोहण हेतु बढ़ते रहे। उनने केवल ज्ञान की प्राप्ति से पूर्व बारह वर्ष संयम साधना में व्यतीत किये। कर्मों के क्षय के लिये वे राढ देश में भी पधारे एवं वज्रभूमि व शुभ्र भूमि में विचरण किया। वहाँ अनार्य जनसंख्या ने प्रभु महावीर पर कई कष्ट ढाये, मारा-पीटा, उठाकर फेंका, कुएँ में डाला, कुत्तों से कटवाया, अपशब्दों से व्यवहार किया किन्तु महावीर ने उनके द्वारा प्रक्षेपित पत्थरों व मिट्टी के ढेलों को भी समत्वभाव में लिया। प्रभु ने अपना धर्म-ध्यान खंडित नहीं होने दिया। देह के घावों पर कोई औषधी का प्रयोग नहीं किया। वे सदेह होते हुए भी विदेहवत रहते थे। वे जन्म से तीन ज्ञानों (मति, श्रुत तथा अवधि) से संतृप्त थे तथा प्रवज्या ग्रहण करते समय चौथा मनः पर्यव ज्ञान उनमें संप्राप्त हो गया था।

महावीर स्वामी के साधनाकाल की एक महत्वपूर्ण घटना गौशाल के साथ उनकी संगति थी। विभिन्न विद्वानों के मत इस सम्बद्ध में परस्पर विसंगत हैं लेकिन यह स्पष्ट है कि दोनों छह वर्ष तक साथ रहे। महावीर के किसी अन्य संघ में सम्मिलित होने की धारणा काल्पनिक है उन्होंने स्वयं ही अपने निर्ग्रन्थ संघ की स्थापना की।

प्रभु का बारह वर्ष का साधना काल कठोर उपसर्गों से भरापुरा था तथा

संकटों एवं कष्टों से परिपूर्ण था। इस अवधि में कई घटनाएँ हुईं जो उनके जीवन को तेजाब से निकालने के अनुरूप था।

प्रथम दिन ही ग्वाले द्वारा बैल छोड़ने की घटना हुई, जिस पर स्वयं इन्द्र ने आकर संरक्षा सेवा लेने की प्रार्थना की लेकिन भगवान ने उत्तर दिया– 'अर्हन्त केवल ज्ञान और सिद्धि प्राप्त करने में किसी की सहायता नहीं लेते हैं, जिनेन्द्र अपने बल से ही केवल ज्ञान प्राप्त करते हैं। दूसरे दिन वे कोल्लाग सन्निवेश पहुंचे तथा बहुल नामक ब्राह्मण के यहाँ परमान्न (खीर) से छट्ठतप का प्रथम पारणा किया। रात्रि विश्राम उनने मोराक सन्निवेश में स्थित दूइज्जंतक आश्रम में किया तथा वहाँ से वर्षाकाल के पंद्रह दिन व्यतीत हो जाने पर पांच प्रतीज्ञाएँ लेकर विहार किया। इनमें अप्रीतिकारक स्थान पर न रहने, सदैव ध्यान में रहने, मौन रखने, हाथ में ही भोजन करने एवं गृहस्थों का कभी विनय नहीं करने के संकल्प सम्मिलित थे। लगभग आठ मास बाद वे अस्थिग्राम आये एवं शूलपाणी यक्ष के यक्षायवन में ठहरे । रात्रि को यक्ष ने कई प्रकार की यातनाएँ दी। महावीर अविचल रहे। कुछ शास्त्रों में उलेख है कि मुहूर्त भर रात्रि के शेष रहते महावीर को क्षण भर के लिये निद्रा आई तथा उनने दस स्वप्न देखे। भगवान के साधना काल में यह प्रथम तथा अन्तिम निद्रा थी। महावीर का पहला चातुर्मास अस्थिग्राम में पूर्ण हुआ।

दूसरे वर्षावास में महावीर ने उत्तर वाचाल की ओर प्रयाण करते हुए घनघोर वन में रह रहे चण्डकौशिक महानाग का उद्धार किया। वे बढ़ते रहे श्वेताम्बिका नगरी से सुरभिपुर के मध्य गंगा नदी के आने पर प्रभु ने नौका विहार से उसे पार किया। वहाँ से वे नालन्दा पहुंचे जहाँ उनने दूसरा वर्षावास किया। यहाँ वे एक तंतुवाय शाला में स्थित रहे। यहीं मंखलीपुत्र गोशाल से भेंट हुई। दोनों साथ हो गये, चौथा वर्षावास उनने पृष्ठ चम्पा में व्यतीत किया। चोराग सन्निवेश में दोनों को गुप्तचर समझकर बन्दी बना लिया गया। साधना के पाँचवें वर्ष में विचरण में कई बाधाएँ आईं। कलबुंका में कालहस्ती ने उनको पकड़ कर खूब पीटा तथा अपने भाई मेघ के पास भिजवा दिया। मेघ पहचान गया। उसने क्षमा मांगी। कर्मों के क्षय को उत्कृष्ट प्रक्रिया में ले जाने के लिये महावीर ने आनार्य देश में विचरण करने का निर्णय लिया। वे भद्दिला नगर पहुंचे। छठे वर्ष में कूविय सन्निवेश में इन्हें बंदी बना लिया गया। वहीं से गोशाल ने साथ त्याग दिया। छह मास उपरान्त गौशाल भटकते हुए कई कष्टों का सामना करते हुए पुनः महावीर के संग में आ गया। आठवें वर्ष में शालीशी गाम में कठपूतना नामक व्यन्तरी में असह्य यातनाएँ दी लेकिन महावीर ने धैर्य नहीं त्यागा। वे

कुण्डाग सन्निवेश से बहुसालग्राम आये जहाँ सालेज्जा नामक व्यन्तरी ने महावीर पर उपसर्ग ढाये किन्तु वे अकम्प रहे। विचरण के समय ग्राम लोहामला में गुप्तचर होने के सन्देह में राज्याधिकारियों ने उन्हें बंदी बना लिया परन्तु अट्ठियाग्राम निवासी उत्पल ने महावीर को पहचान लिया। उसने महावीर तथा गौशाल दोनों को रिहा करवा दिया. नवमें वर्ष में वे पुनः अनार्य राढ देश में गये जहाँ के निवासी अनुकम्पाहीन तथा निर्दयी थे। उनने महावीर स्वामी को कुत्तों से कटवाया इस वर्ष में योग्य स्थान के अभाव में महावीर वृक्षों के नीचे खण्डहरों में तथा घूमते घामते अपने कर्मों की निर्जरा करते रहे। दसवें वर्ष में वैशाली की ओर प्रस्थान करते हुए बालकों ने तकलीफें पैदा की जहाँ राजा शंख ने उनकी रक्षा की। साधना का ग्यारहवां वर्ष प्रभु महावीर के लिये म्लेच्छों द्वारा दिये गये कठोर उपसर्ग लेकर आया. तोसली में उन्हें पीटा गया । यहाँ उनको गिरफ्तार कर फांसी दी जाने की तैयारी हो गई लेकिन वे बच गये। यहाँ कष्टों के पूरे दौर को सहन करना पड़ा। एक देव संगमने ईर्ष्या से वशीभूत होकर खूब उपसर्ग किये। बारहवें वर्ष में चार माह का उपवास किया। उनका वर्षावास चम्पा में रहा। तेरहवें वर्ष में छम्माणि ग्राम में एक ग्वाला ने क्रुद्ध होकर महावीर स्वामी के कान में कांस नामक घास की शलाकाएं घुसा दी तथा पत्थर से ठोंक कर कान के बराबर कर दीं। आपने इस असह्य वेदना को समभाव से सहन किया वे मण्झिम पावा आये, वहाँ घास की शलाकाएँ खींचकर निकाली गई। इस समय प्रभु के मुख से ऐसी चीख निकली कि पूरा वन गूंज उठा।

बारह वर्ष तक इन उपसर्गों का सामना करते हुए महावीर को वैशाख शुक्ला दशमी के दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के योग में समग्र तथा परिपूर्ण केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई। बाद में वे अर्हत, जिन, केवली, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी बन गए।

साढ़े बारह वर्ष का साधना काल भगवान महावीर स्वामी के लिए अनुपम अलौकिक था। उनने कई बार पंद्रह-पंद्रह दिवस तथा महिने-महिने तक जल भी ग्रहण नहीं किया। कभी वे दो-दो महीने और अधिक छह-छह महिने तक पानी नहीं पीते हुए निःस्पृह भाव से विचरण करते रहे।

उनका जीवन अतिशय स्थिति में सुविकसित हो गया था तो मुक्ति की मंजिल की प्राप्ति की सुनिश्चितता थी।

सुरेन्द्र लोढ़ा
(संपादक)

मानवाधिकारों के प्रणेता भगवान महावीर

(डॉ. दिलीप धींग)



प्राचीन समय से ही विविध प्रकार की सेवाएँ करने वाले व्यक्ति राजा और अन्य सम्पन्न घरानों में नौकरी करते रहे हैं। जैन संस्कृति और सिद्धान्तों का यह सुप्रभाव रहा कि नौकरों और दास-दासियों पर होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध वातावरण बना। अनुकूल वातावरण में अनेक साधारण व्यक्तियों ने असाधारण ऊँचाइयाँ प्राप्त कीं।

वर्धमान महावीर के पिता राजा सिद्धार्थ और उनका परिवार भगवान पार्श्वनाथ का उपासक परिवार था। सिद्धार्थ को जब वर्धमान के जन्म की सूचना मिली तो सूचना देने वाली दासी प्रियंवदा को उन्होंने दास-कर्म से मुक्त कर दिया था। भगवान महावीर के अनन्य भक्त राजा श्रेणिक ने भी उनके पुत्रजन्म का संवाद देने वाली दासी को दासत्व से मुक्त कर दिया था।

जैन ग्रंथ 'व्यवहार भाष्य' के अनुसार एक परिवार के मुखिया ने उनकी दासी की सेवाओं से प्रसन्न होकर उसका मस्तक धोकर उसे दासता से मुक्त कर दिया। एक बार एक गृहस्वामी उसके घर में दास को पीट रहा था। कुमारावस्था में वर्धमान उस घर के बाहर से जा रहे थे। मानव द्वारा मानव पर हुए इस अत्याचार से वर्धमान का दिल दहल उठा। उनका वैराग्य प्रबलतम हो गया। उन्होंने समाज से इन अत्याचारों को मिटाने का संकल्प किया।

भगवान महावीर के द्वारा चन्दनबाला का उद्धार दास-प्रथा और नारी जाति के साथ हो रहे भेदभाव के विरुद्ध उनकी आध्यात्मिक क्रान्ति का बहुत बड़ा ऐतिहासिक उदाहरण है। भगवान महावीर के उपदेशों में ये स्वर आज भी गूंजते हैं कि मानव - मानव पर कोई अत्याचार नहीं करे, मानव किसी प्राणी पर भी कोई अत्याचार नहीं करे।

जैन धर्म और दर्शन आत्मवाद पर खड़ा है। वहाँ मानववाद, मानवता और मानवीयता का अनुपालन सहज ही उत्कृष्ट रूप में हुआ है। पूर्व तेबीस तीर्थंकरों की भाँति अन्तिम तीर्थंकर महावीर ने भी मानव एकता और सामाजिक समता की

अलख जगाई। उन्होंने मनुष्य को देवता से भी अधिक महत्व दिया। उनके चतुर्विध संघ में सभी वर्णों, वर्गों और जातियों के व्यक्तियों को आत्म-साधना के लिए समान अवसर प्राप्त है।

आचार्य भद्रबाहु ने 'आचारांग निर्युक्ति' में मानवीय एकता के स्वर को दोहराते हुए कहा- 'एका माणुस्स जाई', सम्पूर्ण मनुष्य जाति एक है। जैन आगम, साहित्य और इतिहास में मानवता को महिमान्वित करने वाले अगणित उद्धरण और उदाहरण मिलते हैं।

उस समय आज की भाँति उद्योग नहीं थे। इसलिए कोई औद्योगिक श्रम कानून और श्रमिक संगठन जैसी बात भी नहीं थी। न ही कोई मानवाधिकार संगठन या आयोग जैसी बात थी। कई बार लगता है हमारी इन व्यवस्थाओं में एक अन्तर्दृष्टि और मनुष्यत्व-के-दर्शन का अभाव है। क्योंकि यह सब होते हुए भी समस्याएँ अनेक रूपों में हमारे सामने उपस्थित हो रही हैं।

तत्कालीन समय में परिस्थितियों के अनुसार अन्य अनेक प्रकार की समस्याएँ थीं। व्यक्ति-परिष्कार और हृदय-परिवर्तन से उन समस्याओं का प्रभावशाली समाधान भगवान महावीर और उनके अनुयायी कर रहे थे। निम्न जाति के समझे जाने वाले हरिकेशी और कई लोगों को मारने वाले अर्जुन मालाकार ने भी भगवान महावीर की शरण ग्रहण की, अपना जीवन रूपान्तरित किया और परमेष्ठी पद पाया। उनका सुस्पष्ट मंतव्य था- घृणा पाप से हो, पापी से नहीं।

भगवान महावीर के प्रभाव से लोग मानवाधिकारों और मानवीय मूल्यों का सम्मान करने लगे थे। वस्तुतः भगवान महावीर तो प्राणिमात्र के अधिकारों की रक्षा के मौलिक उपदेशक थे। फलतः उनके उपदेश-पथ पर चलने वाले प्राणिमात्र के अधिकारों के प्रति सजग बने। यही वजह है कि भगवान महावीर के दर्शन के परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों की व्याख्या सतही न होकर मानवीयता की अतल गहराइयाँ स्पर्श करती हैं।

इस प्रकार समता और अहिंसा-दर्शन की निष्पत्ति स्वरूप हम भगवान महावीर को दास-प्रथा मुक्ति के सूत्रधार और मानवाधिकारों की रक्षा के प्रणेता और प्रवक्ता के रूप में पाते हैं। उनके 'जियो और जीने दो' के उद्घोष का समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र और पर्यावरण की दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। मेरे एक मुक्तक के साथ इस लघुलेख को विराम देता हूँ -

न्याय के लिए नैतिकता का नीर चाहिये।
शान्ति के लिए समता का समीर चाहिये।
विश्व खड़ा है विनाश के कगार पर,
अहिंसा के अवतार प्रभु महावीर चाहिये।।

वर्तमान को चाहिये वर्द्धमान

(मुनि श्री सुमेरमलजी लाडनूं)

वर्धमान (महावीर) को जन्म लिए छब्बीस सदियाँ बीत चुकी हैं। भारत की जनता उन्हें भुला नहीं पा रही है। कालजयी व्यक्तित्व को भुलाया भी कैसे जाए ? वैशाली जनपद के क्षत्रिय कुंडनगर के राजघराने में जन्म लेकर भी वे कभी राजसी वैभव में नहीं उलझे। महल में कदम-कदम पर गुलाम बंदगी बजा रहे थे और हजारों वर्षों की गुलाम-दास प्रथा के बावजूद बालक वर्धमान इस प्रथा के विपरीत सोचते रहे। वे अनेक चालू क्रिया - प्रतिक्रिया के विपरीत अवधारणा वाले थे। वे वार्तमानिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक परंपराओं में क्रांति की अपेक्षा महसूस करने लगे थे। चाहे जातिवाद था, चाहे यज्ञवाद था, नारी उत्थान का मसला था, भगवान महावीर की सोच सर्वथा रचनात्मक थी।



राजकुमार वर्धमान वैभव में विलासी नहीं बने व जवानी में उन्मादी नहीं बने । माता-पिता की आज्ञा से एक सद्गृहस्थ के रूप में रहने लगे। अंधविश्वासों, रूढ़ियों के खिलाफ उनके दिमाग में विचार उठते रहे, राजकुमार वर्धमान ने उन्हें समय की आँच में पकने का अवसर दिया। अनुकूल समय की प्रतीक्षा करते रहे। कोई हड़बड़ाहट नहीं, धैर्य से सब कुछ देखते रहे। अपने विचारों को परिपक्वता देते रहे।

भेदभावमूलक रूढ़िवादी धार्मिक व्यवस्था से लोग तंग हो चुके थे। अंधेरे में मार्ग ढूँढ रहे थे। भगवान महावीर की कल्याणी वाणी ने वैचारिक प्रकाश किया। रूढ़ियों को तोड़ने का साहस दिया। भेदभावमुक्त धर्म की व्याख्या सुनकर लोग रोमांचित हो उठे। भगवान महावीर के समवसरण में छत्तीस ही कौम के लोग

बेझिझक आने लगे। भगवान ने धर्म करने के लिए सबको आमंत्रित किया। चार वर्ण में से कोई भी धर्म कर सकता है। अनजान कहलाने वाले भी धर्म करने के अधिकारी हैं। प्रभु की इस कल्याणी वाणी से सबको त्राण मिला, सबमें साहस जागा, अपने उत्थान के लिए सब उद्यत हुए। रूढ़ि चुस्त लोगों द्वारा की गई धर्म की चौतरफी घेराबंदी ध्वस्त हो गई। सभी वर्ण, सभी जातियों के लोगों ने वर्धमान महावीर का शिष्यत्व स्वीकार किया।

पुरुष प्रधान समाज में नारी की उपेक्षा शताब्दियों, सहस्राब्दियों से हो रही है। नारी को एक उपभोग्य पदार्थ मान लिया गया। उसकी स्वतंत्र सत्ता की उपेक्षा होती रही। इसमें नारी खुद भी जिम्मेवार है। उसकी शारीरिक संरचना भी जिम्मेदार है। उपेक्षा का कुहासा इतना सघन हो गया कि नारी को पति सेवा के अतिरिक्त कुछ भी करना वर्जित कर दिया गया। धर्म करने के अधिकार से वंचित कर दिया गया। शास्त्र-श्रवण व वेदपाठ भी वह नहीं कर सकती। कई आचार्य नारी मुक्ति का निषेध करने लगे थे।

भगवान महावीर अपने युग में प्रथम धर्म प्रवर्तक थे, जिन्होंने नारी को साध्वी बनाया। अपने तीर्थ में उनको बराबर का स्थान दिया। नारी धर्म तो कर ही सकती है, सर्वज्ञ बनकर मोक्ष भी जा सकती है। उनकी दृष्टि में आत्मा के विकास में स्त्री शरीर बाधक नहीं है।

महावीर ने स्पष्ट कहा था- अपने विचारों को दूसरों पर बलात् थोपना हिंसा है। उन्होंने कहा- मेरा है इसलिए सत्य है ऐसा कहना मताग्रह है। सत्य है इसलिए मेरा है ऐसा कहना सत्याग्रह है। उन्होंने प्रतिपादन की शैली स्याद्वाद युक्त अपनाई। हर किसी बात को लेकर लड़ने के बनिस्बत किसी अपेक्षा से उससे समन्वय साधने का रास्ता बतलाया।

महावीर का स्याद्वाद आज के वैचारिक द्वंद्वों में रामबाण बन सकता है। भगवान महावीर ने चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को जन्म लिया। तीस वर्ष घर में रहे। साढ़े बारह वर्ष कठोर साधना करके आत्मा का साक्षात्कार किया।

आज के सांप्रदायिक तनाव के युग में फिर एक बार महावीर की जरूरत है। आज के हिंसा के दावानल को बुझाने हेतु फिर एक बार महावीर की आवश्यकता है। आज के भोगवाद के सघन कुहासे में फिर महावीर जैसे त्याग के महासूर्य के अभ्युदय की आवश्यकता है।

पूरे विश्व में फैले उग्रवाद व आतंकवाद के ज्वालामुखी को मैत्री से शांत करने हेतु फिर एक बार महावीर की जरूरत है।

प्रभु महावीर के जीवन की विशिष्ट घटनाएँ

(संकलन- विनय कुमार छिपानी, थाँदला)

अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी को 27 भव हुए। प्रभु महावीर स्वामी के अंतिम 27 वें भव की तपस्या, साधना, उपासना विशिष्ट थी क्योंकि पूर्व भव में उपार्जीत कर्मों की सकाम निर्जरा है। ऐसी अनेक विशिष्टताएँ उनके चरित्र में हैं। जो यहाँ समाविष्ट हैं।



* वीर प्रभु के सत्तावीस भव में सरलता- प्रखरतादि गुणों के प्रभाव-प्रताप से पुरुषवेद का उदय और मात एक भव बीसवांसिंह के रूप में जन्म फिर भी नरवेद के रूप में हुआ। 19-21 भव में सातवीं एवं चोथी नारकी प्राप्त हुई। नपुंसकवेद पाये। बाकी के 25 भव में एक भव भी स्त्री का अवतार नहीं पाया। यह परमात्मा की विशिष्ट प्रकार की घटना।

* 27 भव में 18 भव वासुदेव पदवी, 23 वां भव चक्रवर्ती, 27 वें भव में तीर्थंकर पद की प्राप्ति विशिष्ट उत्तम कोटी के पुण्य से मिली है।

* प्रभु महावीर स्वामी के तीसरे भव में हुए कुलाभिमान के कारण 27 वें भव देवलोक से सीधे ब्राह्मण कुल में अवतरण हुआ और देवानन्दा की कुक्षी में से रात्री त्रिशला की कुक्षी में गर्भ का स्थापन हरिणेगमेषीदेव ने किया जो कि आश्चर्यकारी घटना है।

* देवलोक से देखते अति भयानक राक्षसी रूप द्वारा बीर प्रभु के धैर्य की परीक्षा की परन्तु जरा भी चलित न हुए उसके पश्चात देवों के समूह ने महावीर नाम रखा जो कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुआ।

* दीक्षा लेने के पश्चात् प्रभु महावीर स्वामी ने साढ़े बारह वर्ष तक ध्यान साधना की। उच्च स्थिति को पाए हुए थे एवं तप योग अपूर्व कोटी का था। जिसमें साढ़े बारह साल में (4515 दिन में) मात्र 349 पारणे अभिग्रह के साथ किए थे और देव मनुष्य - तिर्यंचों ने प्रभु का ध्यान भंग करने एक के बाद एक उपसर्ग की कडी असाध्य उपद्रवों की हरमाला-अनुकूल-प्रतिकूल उपसर्ग जो हुए वह कोई परमात्मा को नहीं हुए।

* केवल ज्ञान के पश्चात् 23 तीर्थंकर की प्रथम देशना सफल हुई परन्तु चरम तीर्थंकर महावीर प्रभु की प्रथम देशना

निष्फल हुई। दूसरे दिन वैशाख सुद – 11 को 4400 ब्राह्मणों को दीक्षा तथा 11 ब्राह्मणों को दीक्षा तथा गणधर पर प्रदान किए। 24 तीर्थंकरों में वीर प्रभु के 14 हजार शिष्य थे जब कि गौतम स्वामीजी को 50 हजार शिष्य थे। गुरु से भी शिष्य का पुण्य सवा गुणा था जो विशिष्ट घटना में समाविष्ट होता है।

* घातिकर्म का क्षय होने के पश्चात् प्रायः कोई भी तीर्थंकर प्रभु को उपसर्ग नहीं होते हैं किन्तु वीर प्रभु को भस्मीभूत करने गौशालक ने तेजोलेश्या रखी जिसने महावीर प्रभु को तीन प्रदक्षिणा देकर गोशालक के अपने मुख में प्रवेश किया।

उसके कारण प्रभु को छः महिने तक व्याधी हुई जो अन्य कोई तीर्थंकरों को नहीं हुई।

* कार्तिक वद–14 और अमावस के दिन महावीर प्रभु ने विश्वकल्याण के लिए लगातार 16 प्रहार 48 घण्टे तक (अंतिम प्रवचन) देशना दी। देशना में विशाल जन मेदनी अतिरिक्त 18 देश के राजा भी उपस्थित हुए थे।

कोटी कोटी वंदना

मधुकर जपु मैं तो सुबह और शाम
गुरु की दया से पूरे होते सब काम
धरुकुल दीपक प्रणाधारा जिनशासन का अजब सितारा
पार्वती नंदन स्वरूपजी का लाल
मधुकर जपु मैं तो सुबह और शाम ।
उग्रविहारी करुणाधारी हृदय से बुझे बात हमारी
गुरुभक्तों के है गुरु वीर समान
मधुकर जपु मैं तो सुबह और शाम ।।
कठिन डगर थी नेक नजर थी संघ समाज की चिंता फिकर थी
संघ एकता का किया सब काम
मधुकर जपु मैं तो सुबह और शाम ।
संयम साधक दीक्षा प्रदाता प्राची बहन का भाग्य संवारा
छः छः दीक्षा करे पारा को प्रदान
मधुकर जपु मैं तो सुबह और शाम ।।

(अमृतलालजी जैन, पारा)

श्री महावीर स्वामी भगवान

(प्रेषकः अरविन्दसी मोदी)

भगवान महावीर स्वामी का जीवन परिचय

1.	च्यवन	–	प्राणांत देवलोक
2.	गृह प्रवेश तिथि	–	आशा शुक्ला–6
3.	गर्भ संहरण तिथि	–	आश्विन कृष्णा–13
4.	जन्म तिथि	–	चैत्र शुक्ला–13
5.	जन्म स्थान	–	क्षत्रिय कुण्डपुर
6.	नाम	–	वीर, सन्मति, वर्धमान, महावीर, देवार्य, ज्ञान नंदन, वीर
7.	वर्ण	–	स्वर्ण (तप्त स्वर्ण के समान)
8.	चिन्ह	–	सिंह
9.	पिता का नाम	–	सिद्धार्थ राजा
10.	माता का नाम	–	त्रिशला देवी
11.	मामा का नाम	–	गणतंत्र अध्यक्ष चेटक
12.	वंश	–	इक्ष्वाकु
13.	गौत्र	–	काश्यप
14.	पत्नी का नाम	–	यशोदा देवी
15.	पुत्री का नाम	–	प्रियदर्शना
16.	भाई का नाम	–	नन्दीवर्धन
17.	बहन का नाम	–	सुदर्शना
18.	कुमार काल	–	30 वर्ष
19.	शरीर प्रमाण	–	7 हाथ प्रमाण
20.	गृह वास में ज्ञान	–	मति,श्रुत, अवधिज्ञान
21.	दीक्षा तिथि	–	मार्ग शीर्ष कृष्णा 10
22.	दीक्षाकासमय	–	क्षत्रिय कुण्डपुर
23.	दीक्षा के समय तप	–	दो दिन कीतपस्या
24.	दीक्षा का पर्याय	–	42 वर्ष
25.	दीक्षा वृक्ष		अशोक वृक्ष

26.	दीक्षा परिवार	–	अकेले दीक्षित
27.	साधना काल	–	12 वर्ष 6 मास 15 दिन
28.	प्रथम देशना स्थल	–	जृंभक ग्राम (देवों के बीच में)
29.	प्रथम देशना तिथि	–	बैशाख शुक्ला 10
30.	द्वितीय देशना	–	बैशाख शुक्ला एकादशमी
31.	अन्तिम देशना स्थल	–	पावापुरी हस्तिपाल राजा की शाला
32.	प्रथम पारणा स्थल	–	कोल्लाग सन्निवेश
33.	प्रथम पारणा दाता	–	बहुल ब्राह्मण
34.	केवल ज्ञान तिथि	–	वैशाख शुक्ला दशमी
35.	केवल ज्ञान स्थल	–	ऋजु बालु का नदी के किनारे
36.	केवल ज्ञानोत्पति	–	दूसरे समवसरण में तीर्थ व संघ की उत्पत्ति
37.	केवल ज्ञान का समय	–	दिन का अन्तिम प्रहर
38.	तीर्थोत्पत्ति	–	
39.	आयु	–	72 वर्ष
40.	गणधर	–	इन्द्रभूति आदि 11 गणधर
41.	केवल ज्ञानी	–	700
42.	अवधि ज्ञानी	–	1300
43.	मन पर्यवज्ञानी	–	500
44.	वादी	–	400
45.	साधु सम्पदा	–	14,000
46.	साध्वी सम्पदा	–	36,000
47.	श्रावक संख्या	–	15,9000
48.	श्राविका संख्या	–	31,8000
49.	चातुर्मास संख्या	–	42
50.	निर्वाण भूमि	–	पावापुरी (बिहार)
51.	मोक्ष परिवार	–	एकाकी सिद्ध
52.	मोक्षासन	–	पर्यकासन
53.	निर्वाण कल्याणक तिथि	–	कार्तिक कृष्णा 30

54. भगवान ने साधकजीवन में तपस्या काल के कुल 4515 दिनमें सिर्फ 349 दिन आहार किया भगवान ने बेले के दिन दीक्षा ली थी। इसलिये एक उपवास और जोड़ दें तो कुल 4166 दिन तपस्या में बीते ।

शांतिलाल रामानी
(संयोजक)

जन्म-जयन्ति पर दोहान्जलि

(डॉ.श्रीमती कोकिला भारतीय)

समता, शुचिता, सत्य, समर्पित, पा परिमल सा जीवन ।
जन्म जयन्ति पर्व प्रसंग पर, गुर चरणों में शत् वन्दन ।
क्षितिज निनादित करता, आओ मंगल भावों में बह जाओ,
जन्म जयन्ति जयन्त गुरु की, अंजुली भर-भर अर्घ्य चढ़ाओ ।
जय-जयवन्त-जयन्त-जयन्ति, ज्यौर्तिमय-जन-जैत्ता,
तप-जप-संयम आराधन, औ ! परम अध्यात्म प्रणेता ।
उदधि सी उत्ताल तरंगे, उर को उर्जावान बनाती,
मधुकर जन्म जयन्ति महौत्सव, मंगल भावों के दीप सजाती।
अम्बर-अवनि-तारे-सितारे, सब करते अभिनन्दन,
परिषद्-प्राण-प्रदाता-पुरु के, पावन पद पंकज में वन्दन।
रोम-रोम में अगम अगोचर, अविनाशी नवकार,
जावरा शहर में जन्म जयन्ति वन्दन वार हजार ।
दसों दिशाओं में गुरुवर की, कीर्ति पताका,
जन्मौत्सव श्री जयन्त गुरु का, आओ गाएं गौरव गाथा ।
गुरु-गरिमा-गौरव-गर्वित, गुणगान करें, मंगल पा जाएं,
अमृतमय अनुष्ठान बने, यह जन्मौत्सव स्वर्णिम बन जाए ।
अर्पित-अक्षत-कुंकुम चन्दन, भावों से अभिषेक करें ।
आप जियें हजारों साल-साल के दिन भी पचास हजार बने ।

जगमग-जन्म-जयन्ति-ज्योति, जुग-जुग जियै श्री जयन्त गुरुवर ।
कोकिल रीम-रीम यै गाएं, हो शत-शत-शत शतायु सूरिवर।
शुभ उत्तमोत्तम भावों के, उत्कृष्ट निलय-अनुष्ठान बनाएं,
प्राणाधार परिषद् पुरुवर का, जन्मोत्सव जावरा में मनाएं ।
मानवता के मधुबन मधुकर, दृढ़ संकल्प सिन्दूर सजाएं।
जय जयवन्त जयन्त जयन्ति,गुरु गरिमा का गुलाल उड़ाएं ।
आत्म-ज्ञान आलोकित गुरुवर, वैभव के सर्वोच्च शिखर ।
जन्मोत्सव जावरा शहर में अर्पित श्रद्धासिक्त सुमन प्रवर ।

गुरु की सेवा में

(श्री घेवरचंदजी नाहर, जमखंडी, कर्नाटक)

जिसने मिटाया गच्छ में फैले शिथिलाचार को,
जिसने बताया मार्ग सच्चा संघ और समाज को,
जिसने किया सचेत फिर से त्रिस्तुति के सिद्धांत को,
ऐसे गुरु राजेन्द्र को वंदन करुं वंदन करूं ।।1।।

थे तर्क में निपुण खूब शास्त्रों का ज्ञान था,
चर्चा चक्रवर्ती के नाम से, नाम खूब विख्यात था,
संगीत में सर्वोपरी ज्योतिष में प्रख्यात थे,
ऐसे गुरु धनचंद्र को वंदन करुं वंदन करुं ।।2।।

थे सरस्वती के नंद आप, भगवानजी के लाल थे,
हुयी दीक्षा छोटी उम्र में, सुज्ञान के भंडार थे,
चंद्रराज चरित्र जैसे कोश की रचना की थी आपने,
ऐसे सूरि भूपेन्द्र को, वंदन करूं वंदन करूं ।।3।।

चौदह वर्ष की आयु में दीक्षा ग्रहण की आपने,
सूरि राजेन्द्र ना चरणे रही, खूब ज्ञान पाया आपने,

शाश्वत धर्म के दीप को, रौशन किया है आपने,
ऐसे गुरु यतीन्द्र को वंदन करुं वंदन करूं ।।4।।
थी असीम कृपा सरस्वती का जिनके सिर पर हाथ था,
मोहन विजय जैसे मुनि का जिसको मिला साथ था,
थे विद्या के भंडार, जन जन में जिसका नाम था,
गुरु विद्या सूरि के चरणों में वंदन करुं वंदन करूं ।।5।।
क्या भाग्य थे पैपराल के जहां जन्म पाया आपने,
सूरि यतीन्द्र के हाथ दीक्षा, ज्ञान पाया आपने,
हुए पुण्य सम्राट आप जिनका हर जुबा पर नाम है,
ऐसे गुरु जयंत को वंदन करु वंदन करु ।।6।।

अभिवन्दना ! अभिवन्दना !

(श्री इंदिरा घोड़ावत, झाबुआ)

मानव जीवन की दुर्लभता समझ करके,
जीवन की क्षणभंगुरता का विचार करके
मृगतृष्णा है सुख की चाह चिन्तन करके,
संसार-असार, संयम-सार ऐसा बोध पा करके,
कमल-सदृश कीच से दूर संसार भावना पा करके
दस दुर्लभ बोल सा अंतिम बिन्दु प्रवज्या स्वीकार करके
आप सभी मुमुक्ष- आत्मा ने सिद्धपथ स्वीकार किया ।
अभिवन्दना ! अभिवन्दना !!
पाँचवे आरे के आप सभी लग रहे हैं जैसे महावीर ।
चौबीस तीर्थंकर भगवन्-सी प्रतिमूर्ति पाकर ।
क्षण-भर का भी प्रमाद न कर बने हो गौतम गंभीर ।
अनन्तकाल के भवभ्रमण अन्त करने का है प्रसंग आत्मोद्धार ।

आत्मा को विषय-कषाय से मुक्ति का यह स्वर्णिम अवसर ।
'करेमि भंते' - पाठ उच्चारित करवा रहे- राष्ट्रसंत - करुणा सागर 'मधुकर'
श्री संघ रोमांचित होकर रहा, जय जयकार के गगनभेदी स्वर ।
स्वर्ग से देवता भी हर्षित हो अर्पित कर रहे मुक्ताहार ।
सचमुच-थराद की वीर धरा पर स्वा है-साक्षात् समवसरण ।
और अन्त में :-
हे मोक्ष पथ के पथिक ! लक्ष्य सिद्धि की ओर बढ़ो ।
जीवन-पुष्प पुष्पित पल्लवित सुरभित बने ।
परम् भव-तारक गुरुदेव का सदैव वरद् हस्त बना रहे ।
ज्ञान-मेह सावन बन बरसे आत्मधरा पर ।
आत्म-शुद्धि होती रहे, अध्यात्म की फुहारों से ।।
इन्दु की अन्तर मन की स्वीकारें अनुमोदना ! अनुमोदना !!

गुरूवर वन्दना स्वीकारजो

(साध्वीश्री रुचिदर्शनाश्रीजी म.सा.)

परमेष्ठि ना त्रीजा पदे, स्वरेकर लगे शोभता ,
वीतराग मार्ग पे चालवानो, सामर्थ्य सांचो धरावता,
जीनमार्ग सांचो बतावी ने, अम बालुड़ा ने उबारता ,
औ जयन्त मधुकर मारा गुरुवर, वन्दना स्वीकारजो ।
पंचम काल भले विषम हो पुण्य मारू प्रबल छे,
आज्ञा अने शासन तमारू मारी साधनानो बल छे,
रखवलना जो था कदिय मारी, दृष्टि तमारी परिवार छे,
औ जयन्त मधुकर मारा गुरुवर, वन्दना स्वीकार जो ।
सामर्थ्य अद्भुत खुं तमारुं, पापी पावन थई जता ,
आत्मनुज्ञान अपूर्व तमारूं, विरोधियों पण नमी जत ,

कल्पवृक्ष सम आशीष तमारूं, वांछित सहुं ना फली जता,
औ जयन्तमधुकर मारा गुरुवर वन्दना स्वीकार जो ।
नवकार ना साधक अजोड़, शासन ना शणगार हता ,
परहित ना शुभ भाव सदा, मच्छ ना आधार हता,
वात्सल्य सिंधु विशाल जे, करुणा तणा अवतार हता ,
औ जयन्त मधुकर मारा गुरुवर वंदना स्वीकार जो ।।

मधुकर शब्दाजंलि

(तर्ज– मोहन आओ तो सही, गिरधर आओ तो सही)

मधुकर आओ तो सही, गुरुवर आओ तो सही ।
भक्तों की भीड़ खड़ी, गुरुवर कब से यही ।। मधुकर....1

पेपराल के पूनमचंदा, रूपवती के नंदा ।
जिन शासन के राजा, गुरुवर सदा जयवंता ।। मधुकर....2

पाट दीपाया राजेन्द्र गुरु का, हो गुरु गुणवंता ।
ध्यान, जाप खूब किया, हो सरल विरल संता ।। मधुकर 3

नगर-डगर विचरे, गुरु भारत के भगवंता ।
हृदय पटल बिराजे, सब जन-मन भाग्यवंता ।। मधुकर....4

पेपराल अवतारी, बाग पधारे हो सुखवंता ।
मालव, मरुधर छोड़, बिराजे भांडवपुर पुण्यवंता ।। मधुकर...5

पाट दीपाये जयंत का, नित्यसेन, जयरत्न शोभवंता ।
सुनील-ज्योति शीश नमे गुरु चरणे और नमे श्रीमंता ।। मधुकर...6

शब्द संयोजन – सुनील डैडी

गुरु परंपराएँ पुण्य सम्राट गुरुदेव श्री के
देवलोक गमन की कालगणना

(मुनि चारित्ररत्न विजयजी)

जैन शासन में आचार्य भगवंत का स्थान तीर्थंकर परमात्मा से दूसरे स्थान पर आता है। क्योंकि जिस समय भव्यात्माओं का मोक्ष मार्ग दिखाकर तीर्थंकर परमात्मा अजरामर पद को प्राप्त करते हैं। उस समय उनके विरहकाल में द्वादशांगी रूप सम्पूर्ण प्रवचन को और जैन संघ के उत्तरदायित्व को आचार्य भगवंत ही धारण करते हैं।

भगवान महावीर के महान और पवित्र शासन में समय-समय पर अनेक आचार्य भगवंत हुये उसमें श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक परम्परा के जैनाचार्य विश्वपूज्य अभिधान राजेन्द्र कोष रचिता गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. के षष्ठम पट्टधर सुविशाल गच्छाधिपति पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. वर्तमान काल में अजोड़ शासन प्रभावक हुये।

गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. के जीवन का किसी भी प्रसंग को लें, तो कोई ने कोई महत्वपूर्ण प्रेरणा हमें दृष्टिगोचर होगी, जीवन के अंतिम क्षण तक सतत्-अनवरत् शासन प्रभावना में व्यस्त रहने के बाद भी गुरुदेव श्री ध्यान-साधना तप और आराधना में संल्लीन रहकर आत्मा की गहराईयों तक पहुँचने में सक्षम हुये थे।

गुरुदेव श्री की सहन सरलता, विनम्रता और साधुजनोचित आचार निष्ठा और संयम साधना में सदैव जागरूकता के दर्शन कर प्रत्येक आराधक नतमस्तक हो जाता था। वे केवल शासन प्रभावक न रहकर तत्वदृष्टा, परम विशिष्ट ध्यान योगी एवं सूक्ष्म जगत के अन्वेषक बन गये थे, गुरुदेव श्री का जन्म विक्रम बीसवीं शताब्दि के अंतिम दशक में हुआ और इक्कीसवीं शताब्दि के प्रथम दशक के अंतिम वर्ष में संयम जीवन ग्रहण कर भगवान महावीर के शासन में पंचम पद पर आरुढ़ हुये और मुनि अवस्था में तीन दशक तक ज्ञान ध्यान और आराधना में अग्रसर रहते हुये जैन शासन में

विद्वत्ता की प्रथम पंक्ति में आपका नाम स्थापित हुआ। आप श्री ने ज्ञानाभ्यास दरम्यान त्रिस्तुतिक जैन संघ को मार्गदर्शन एवं निश्रा प्रदान कर गुरु गच्छ की महिमा को नई ऊंचाई प्रदान की।

गुरुदेवश्री को इक्कीसवीं शताब्दि के चतुर्थ दशक में अखिल भारतीय सौधर्म बृहत्तोपगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन संघ ने जैनाचार्य के रूप में तृतीय पद पर बिराजमान किया तब से निरन्तर अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करते तीन दशक तक अविस्मरणीय शासन प्रभावना की। इन तीन दशक में त्रिस्तुतिक संघ की गौरव गाथा का पूरे देश में चहुँ दिशा में विस्तार हुआ वह आपके परिश्रम और पराक्रम की देन है, शासन प्रभावना एवं आत्म कल्याण करते हुए जीवन के आठवें दशक के चतुर्थ वर्ष में प्रथम माह में आपका देवलोक गमन हुआ।

गुरुदेव श्री का देवलोक गमन गुरु परंपरा की कालगणना करते हुए त्रिस्तुतिक सिद्धांत के पुनरुद्धारक गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. के देवलोक गमन बाद 110 वर्ष 3 महीने और 25 दिन बाद हुआ यानि विश्व पूज्य गुरुदेव के देवलोक बाद 13 वर्ष 8 महीने 22 दिन चर्चा चक्रवर्ती आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय धनचन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. देवलोक हुए, उनके बाद 16 वर्ष 5 महीने चार दिन पर साहित्य विशारद आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय भूपेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. का गमन हुआ, उनके बाद 23 वर्ष 10 महीने 3 दिन पर व्याख्यान वाचस्पति आचार्य श्रीमद् विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. देवलोक हुए, उनके बाद 19 वर्ष 6 महीने 28 दिन बाद कवि हृदय आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय विद्याचन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. का देवलोक गमन हुआ उनके देवलोक गमन बाद त्रिस्तुतिक जैन संघ के विशाल पुण्य साम्राज्य का उत्तर दायित्व निभाते हुये पुण्य सम्राट युग प्रभावक गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. का 36 वर्ष 8 महीने और 28 दिन पे देवलोक गमन हुआ, आप श्री का देवलोक गमन संवत् के आइने में वीर सं. 2543, विक्रम संवत् 2074 (कार्तिक 2073), राजेन्द्र संवत् 110, इस्वी सन् 2017 रहा।

आलेखन समय आपश्री के देवलोक गमन के दो वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धा और समर्पण के पुष्प अर्पण करते हुए पंचाग से भाव पूर्ण वंदना करते हुए आशीर्वाद एवं कृपा दृष्टि की कामना करते हैं।

श्री जयंतसूरि वंदना

(श्रीमती पारसमणी मारवाड़ी)

एक बार गुरु से मिली तो बात समझ में आ गई।
बार-बार गुरु से मिली आशीष उनका पा गई।
गुरु पूजा की तो, दृष्टि उनकी उठ गई।
ऐसे पुण्य सम्राट की पुण्याई को भावभरी वन्दना ।।
नवकार की आराधना कर, आराधक बने हो गुरुवरा।
साधक बनकर सिद्धी पाई, वचन सिद्ध हुए गुरुवर।
उग्रविहारी धर्म प्रचारी जिनवाणी सुनाई गुरुवर।
ऐसे राष्ट्रसंत, युग पुरुष को भावभरी वंदना।
जीर्णोद्धार तीर्थोद्धार कराकर जिनालयों का लाभ ले लिया।
प्रतिष्ठा कराकर उपाश्रय बनवाकर भक्तों को लाभ दे दिया।
उपधान उजमणा तपजप कराकर, तपस्वियों के भावर जगा दिया।
ऐसे तारक महापुरुष अव्रतारी को भावभरी वंदना।
सादगी, सरलता सौम्य, समभाव था गुरुवरा।
जहाँ-जहाँ भी चरण पड़े, धन्य हो गई वो धरा (तीर्थबन गई वो धरा)
भेदभाव सब मिटाकर, एकता कराई गुरुवरा।
ऐसे समदृष्टि कल्याणकारी विश्वविख्यात पुरुष को भावभरी वंदना।
सूरज में आग है चन्द्रमा में दाग है।
निष्कलंकित हैं, सर्वगुणों की खान हैं।
अनंत उपाधियों से अलंहित हैं।
जिनशासन की शान हैं।
ऐसे ऐतिहासिक नामी पुरुष को पारसमणी की भावभरी वंदना।
ऐसे पंचमहाव्रतधारी गुरु को भावभरी वन्दना।
गुरु सम्मुख गई तो विनय से सिर झुकाया।
गाँवली करी वन्दन किया धर्मलाभ मिल गया।
मंगलाचरण जिनवाणी, महामंगलिक सुनाई।
पुण्य सम्राट की पुण्याई की जग में जय-जयकार हो गई।

दिव्य पुरुष
जयन्त सेनसूरीजी म.सा.

(श्री अनिल जैन)



गुरुवर, दिव्यता में विलीन होकर नई आभा दे रहे हैं। उनकी दिव्यता से सारे कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं। गुरु का आभामण्डल इतना तेजोमयी है कि उनके सम्पर्क में आने पर व्यक्ति सुखानुभूति अनुभव करता है।

'दिव्य ज्योत जयन्त ज्योत है'

पूज्य गुरुवर ध्यानी थे, ज्ञानी थे, योगी थे, सरल थे, दृढ़चारित्र्य, चूढ़ामणि थे, आत्मवैरागी थे, पूज्यश्री प्रसादी थे। ऐसी अनेक उपमाएँ भी छोटी हैं।

गुरुदेव पुण्य सम्राट का तेज मैंने हर जगह देखा। गुरुदेव गौतम प्रसादी लब्धिवंत थे। महानता इतनी कि छोटा से छोटा व्यक्ति सहज रूप से उनसे मिल लेता था। गुरुदेव की वाणी का पान एक बार कर लेता था, वह उनका मुरीद हो जाता था। हमने दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. को नहीं देखा, किन्तु पुण्य सम्राट को जरूर देखा है। जब पुण्य सम्राट इतने उच्च व दक्ष थे, तो दादा गुरुदेव कितने उच्च भाव वाले होंगे ?

'विरल विभूति अद्भुत योगी सरल मना
सद्भाव मोही'

पूज्य गुरुदेव पुण्य सम्राट का सारा जीवन का अवलोकन करते हैं तो ऐसा आभास होता है कि वीर प्रभु महावीर साक्षात् उपस्थित हैं। सारा जीवन संघ समाज जन-जन की पीड़ा की चिन्ता की। अंतिम क्षण तक वीर प्रभु की देशना सभी साधु संतों को दी। यह समझाइश इतनी सरल थी कि प्रत्येक साधु-साध्वी को यह आभास नहीं हुआ कि गुरुदेव समाधि मरण लेंगे।

प्रभावी तीर्थ भाण्डवपुर की तीर्थ धरा पर पुण्य सम्राट का आगमन सारा दिन संघ समाज, साधु-साध्वी से चर्चा

कर दिव्य ज्योति में विलीन होगा, हमें दिव्यता का आभास कराता है।

गुरुदेव के साथ बिताये हर क्षण का हमें आभास है। मैं उनके ज्ञानांजन का दिवाना हूँ कितने ज्ञानारागी थे, मेरे गुरुवर । पल-पल बीता जा रहा है, उनका उपयोग कर लो। दिन हो या रात्रि, बैठक हो या प्रतिष्ठा, सारा समय चिन्तन मनन में रहता था।

किसी व्यक्ति ने गलत भी बोल दिया हो तो उसमें अच्छाई निकाल लेना, यह गुण दिव्य पुरुष का ही था। पूज्य गुरुदेव का नवकार से अटूट नाता था। उन्होंने अपने जीवन में जितनी भी सिद्धियाँ प्राप्त की, वह इस नवकार से ही थी। नवकार उनके रग-रग में बसा था। आज सारे देश में विधि-विधान के साथ नवकार मंत्र की आराधना होती है। वह पुण्य सम्राट की ही देन है। उन्होंने नवकार को साधा था। सागर जितनी गहराई में जाकर नवकार के एक-एक शब्द का विश्लेषण किया। बाग चातुर्मास के दौरान मौन-साधना (एक माह) में अड़सठ तीर्थ भाव की रचना कर संघ समाज में भक्ति के माध्यम से नवकार को कैसे साधा जाये ? यह बताया । 68 अक्षर, 68 तीर्थ का उल्लेख कर अद्‌भुत कार्य किया गुरुदेव ने । भक्ति में ही शक्ति है। इस बात को ध्यान में रखकर यह रचना की थी। पुण्य सम्राट ने नवकार मंत्र के करोड़ों मंत्रित वासक्षेप से अनेक बीमारियाँ आदि-व्याधि, उपाधि दूर की है। मैं स्वयं साक्षी हूँ। गुरुदेव ने मुझे इतनी बात समझाई थी कि जीवन में नवकार व गुरुदेव का बराबर स्मरण करना। आज नवकार के जाप, ध्यान, भक्ति और जप से मुझे नित नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। हर क्षण, हर पल नवकार का सुमिरन करने से तुम्हारा जीवन नई ऊँचाईयों पर पहुँचेगा। यह शब्द गुरुदेव ने मुझे कहे थे। आज पुण्य सम्राट के शुभाशीष से 108 नवकार के दोहे की रचना की है। दोहे लिखने का सहज मुझे आभास हुआ। इनकी बानगी के रूप में यहाँ कुछ दोहे बता रहा हूँ

नवकार है परफेक्ट,
नही कोई साईड इफेक्ट ।
नवका का नीर जो पीता है,
बन जाता है वो वीर है ।
नवकार का मैजिक,
खत्म होता है लॉजिक ।

इस तरह चिन्तन करते हुए मुझे 108 दोहे लिखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अन्त में पुण्य सम्राट के लिये मैंने 35 वर्ष पूर्व श्री भाण्डवपुर तीर्थ की धरा पर यह पंक्तियाँ लिखी थी।

जयन्त सदा जयवन्त रहे,
यह ज्योति सदा अमरवन्त रहे ।
हर जनम-जनम में मिले सान्निध्य तुम्हारा,
हे कोटी-कोटी वन्दन तुम्हें ।

परिषद का अभिमान...
गुरुवर गुण की खान

(श्री सुनील बांठिया, इंदौर)

शान्ति, समता, क्षमागुण, ज्ञानदर्शन का भण्डार थे। शिरोमणी संकल संघ के भूलोक का श्रृंगार थे।

जिनशासन के राजा, सबके खेवनहार थे।
नवपद में सुशोभित, ऐसे मेरे गुरुराज थे ।।

जिनशासन के पुखराज, शान्तमूर्ति, प्रफुल्लित मनोहारी मुखमुद्रा के धनी, साहित्य जगत में यश पताका फहराने वाले, शब्दों के शिल्पी, परम श्रद्धेय राष्ट्रसंत जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. के चरणों में शत् शत् वंदन जैनागम में गुरु गुणगान की भरपूर प्रशंसा की गई है। गुरुदेव के प्रति सच्ची, निष्ठा, भक्ति भावना एवं कृतज्ञता का सर्वश्रेष्ठ परिचायक उनके गुणों का वर्णन है। परमपूज्य राष्ट्रसंत का व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रभावोत्पादक है। भाषा साहित्य में जितने भी अच्छे विशेषण हैं वे सारे विशेषण गुरुवर के लिये कम पड़ते हैं। ऐसा एक भी गुणधर्म नहीं जो उनके उज्ज्वल व्यक्तित्व में परिलासित न हुआ हो। दीक्षित होने के साथ ही एक-एक करके सारे गुण अलंकृत होते गये।

आप विद्वान भी, विनम्र भी
आप गंभीर भी, उन्नत भी
आप तेजस्वी भी, सौम्य भी
आप तर्कनिष्ठ भी, आस्थाशील भी ।
कहीं तार्किकता का रंग, कहीं श्रृद्धा का गुलाल ।
कहीं समर्पण की सरिता, कहीं स्नेह का सागर ।
कहीं निस्पृहता का आकाश, कहीं विनय का प्रकाश ।
कभी ध्यानी, कभी ज्ञानी ।
कभी गुरु, कभी शिष्य, कभी तपस्वी, कभी मनस्वी ।
कभी मौनी, कभी मुखर ।

पेपर खत्म हो जाएंगे लिखते-लिखते लेकिन गुरुवर का गुणकोष खत्म नहीं होगा। ऐसे अनन्त गुणों के धारी

गुरुवर ने जबसे शासन की बागडोर संभाली तब से अन्तिम समय तक निरन्तर संघ को गति प्रदान करते हुए जहाँ एक ओर संयम साधना तप आराधना व मनोमंथन कर साधना के उच्चतम शिखर को स्पर्श किया वहीं दूसरी ओर कई धार्मिक अनुष्ठान, मन्दिर का जिर्णोद्धार, नवीन मन्दिर, गुरु मन्दिर, उपाश्रय, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल आदि का निर्माण करवाकर मानव सेवा से जन-जन को लाभान्वित किया व मूक प्राणियों के लिये पांजरापोल में दान करवाना जीवन मात्र के प्रति आपके चिन्तन को दर्शाता है।

आचार्यश्री ने अपने ज्ञान, ध्यान व साधना के स्तर पर जो आत्म साक्षात्कार किया था उसे उन्होंने विविध गौरवमयी ग्रन्थों में काव्यरूपों में प्रस्तुत किया है। प्रमुख ग्रन्थों के साथ-साथ हजारों धार्मिक, सामाजिक, भूगोल, खगोल, ज्योतिषि, सभ्यता व संस्कृति आदि सम्पूर्ण विषयों पर लेखनकर तीर्थंकरों की धर्मदेशना को जन-जन तक पहुँचाया है। आपके रचित गीत, स्तवन, सज्झाय, कविता, दोहे, छन्द, चौपाई आदि काव्यकला का अनुपम उदाहरण हैं जो नित्य ही हम गाकर भक्ति प्रदर्शित करते हैं। आत्मस्पर्शी होने के कारण गुरुदेव का साहित्य अत्यन्त मार्मिक, रोचक व प्रेरक बन पड़ा है। गुरुदेव का अन्तरंग व्यक्तित्व उनकी काव्य-कृतियों में व्याप्त है। उनके पदों में परमात्म प्रेम की धारा भी अबाधगीत से बहती है। अनेक पदों में सभी धर्मों का व परमात्मा के सभी नामों का समावेश है क्योंकि जिन्हें परमतत्व की अनुभूति हो जाती है वहाँ संकीर्णता नहीं रहती है। उनका अपना एक धर्म होता है और वह है आत्मधर्म श्रुत और शील के अद्भुत समीकरण, प्रतिभा, परिश्रम व प्रेम की पावन त्रिवेणी आचार्यश्री ने वास्तव में साहित्योपासना कर जैनशासन की अनुपम सेवा की। आपके सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व का गम्भीरता से अध्ययन करें तो हम पायेंगे की गुरुदेव स्वयं एक धर्मगाथा थे एक अद्भुत शास्त्र थे जिसे समझना एक पवित्र साधना है।

राष्ट्रसंत, लोकसन्त, लोककल्याण में अपने जीवन को समर्पित करने वाले 'व्यक्तित्व एवं कृतित्व' के धनी थे हमारे गुरुदेव।

जिनका स्मरण युगों-युगों तक किया जाएगा।

जिनकी आशी दृष्टि में प्रेम है,
जिनकी दिव्य दृष्टि में क्षेम है।
ऐसे परम उपकारी गुरुवर को सादर श्रद्धाजंलि है।

पुण्य सम्राट श्रीमद् विजयजयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा. का

गागर में सागर के समान अल्प परिचय...



जन्म तिथि	:	मगसर कृष्णा 13, वि.सं. 1993
जन्म भूमि	:	पेपराल, जि. बनासकांठा (थराद)
जन्म नाम	:	पूनमचंदजी
पिताश्री	:	श्रेष्ठीवर्य स्वरूपचंदजी
माताजी	:	रत्नकुक्षी पार्वतीदेवी
कुल	:	धरू वंश
दीक्षा तिथि	:	महा सुदी-4, वि.सं. 2010
दीक्षा भूमि	:	सियाणा, जि. जालोर (राज.)
दीक्षा प्रदाता	:	पीताम्बर विजेता आचार्यश्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.
दीक्षा नामकरण	:	मुनिराज श्री जयन्तविजयजी म.सा.
मनोनीत आचार्य	:	श्री कुलपाकजी तीर्थ (आ.प्र.) वि.सं. 2039
आचार्यपद तिथि	:	महा सुदी-13, वि.सं. 2040
आचार्यपद भूमि	:	श्री भाण्डपुर तीर्थ, जि. जालोर (राज.)
आचार्यपद नाम	:	प.पू. आचार्यदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.
भाषाज्ञान	:	हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मारवाडी, संस्कृत इत्यादि
प्रथम शिष्य	:	मुनिराज श्री नित्यानंद विजयजी म.सा.
विहार यात्रा	:	1 लाख 40 हजार कि.मी, 15 प्रदेशों में विचरण
साहित्य यात्रा	:	अनेक विषयों पर आधारित 200 से ज्यादा साहित्य/अभिधान राजेन्द्र कोष का 3 बार प्रकाशन
संयम प्रदान	:	200 से ज्यादा मुमुक्षु भाई-बहनों को दीक्षा प्रदान/5 बार सामूहिक दीक्षा प्रदान/शिष्य संपदा-40
प्रतिष्ठाचार्य	:	250 से ज्यादा जिनालय और गुरु मंदिरों की प्रतिष्ठा-अंजनशलाका

गुरुमंदिर प्रणेता	:	200 से ज्यादा श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी गुरुमंदिर का निर्माण प्रेरणा एवं प्रतिष्ठा
नवकार निष्ठा	:	55 वर्षों से अखंड नव दिवसीय नवकार आराधना आयोजन
तीर्थप्रणेता	:	भारत भर में 25 भव्य तीर्थों का निर्माण
संस्थापक	:	अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन तरुण परिषद-महिला परिषद, श्री राज राजेन्द्र धर्मोत्तेजक परिषद, मधुकर, संस्कार ज्ञानायतन।
पद प्राप्ति	:	संघ एकता शिल्पी, संयम दानेश्वरी, युग प्रभावक, जिनशासन सम्राट, प्रतिष्ठा शिरोमणि, राष्ट्रसंत, लोकसंत, पुण्य सम्राट्
श्रेष्ठ मार्गदर्शन	:	अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद परिवार, शाश्वत धर्म (मासिक), यतीन्द्र जयन्त ज्ञानपीठ
प्रेरणा प्रदान	:	गौशाला, हॉस्पिटल, विद्यालय का निर्माण
पट्टधर	:	पू.आ. श्री नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा., पू.आ. श्री जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा.
शतावधानी शिष्य	:	मुनि श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा.
काव्यरचनानिपुण	:	2000 से अधिक स्तवन, 200 से अधिक सज्झाय, चैत्यवंदन स्तुति आदि
गुणनिधार	:	गंभीरता, सरलता, सहनशीलता, वात्सल्य, प्रसन्नता, गीतार्थता
तपस्या	:	अठ्ठाई तप-3, 1 माह की मौन साधना, बाग चातुर्मास-2004
दीक्षा पर्याय	:	63 वर्ष (त्रिस्तुतिक परम्परा में सर्वाधिक)
आचार्य पर्याय	:	34 वर्ष
आयुष्य	:	81 वर्ष
चातुर्मास	:	63
देवलोक गमन	:	वैशाख वदी-5, मध्यरात्रि 11.30, वि.सं. 2073, भाण्डवपुर तीर्थ (राज.)
अग्नि संस्कार	:	वैशाख वदी-7, विजय मुहूर्त, भाण्डवपुर तीर्थ (राज.)

पुण्य सम्राट करूणा के अवतार थे

(अशोक श्रीश्रीमाल, इंदौर)

परम पूज्य गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. दया, करूणा, क्षमा के पर्याय थे। पूज्य श्री हर क्षण प्राणी मात्र के लिए कल्याण का भाव रखते थे, जब भी कोई अवसर मिलता पूज्यश्री जीवों को बचाने, अभयदान देने, जीवदया का कार्य करने-करवाने की प्रेरणा देते थे। जब भी कोई महोत्सव होता चाहे वह प्रतिष्ठा का हो, दीक्षा का हो, नवकार आराधना का हो या ऐसे कोई भी प्रसंग जिसमें बड़ी रसोई होती गुरूवर उन गूंगे-मूंगे जीवों की जीवदया की राशि आवश्यक एकत्रित करवाकर उपयोग करवाते थे।

टाण्डा का प्रसंग सभी को याद है जहाँ गुरूदेव ने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के दिन ईद भी होने से अपनी प्रभावशाली प्रेरणा से ईद पर हिंसा रूकवा दी थी।

राजेन्द्र नगर नैल्लोर पर अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के स्वर्ण जयंति समारोह अवसर पर राह में एक बकरा जिसे बेचने के लिए कुछ लोग मोटर साईकल पर ले जा रहे थे, करूणा के विभूति ने अपने श्रावकों के माध्यम से तुरन्त खरीदवा लिया उसे अभयदान दिया और जब तक गुरुदेव की तीर्थ पर स्थिरता रही उसे प्रतिदिन नवकार व मांगलिक सुनाते थे। वह प्राणी भी अति उत्साह से सुनते हुए श्रवण करता था।

घटना दक्षिण भारत विहार की है, पूज्यवर अपने श्रमण संघ के साथ विहाररत थे, रास्ते में एक बैल जिसे कोई ट्रक वाला भयंकर टक्कर देकर घायल कर गया, बैल तड़प रहा था लगभग प्राण निकलने वाले थे, गुरुदेव रुके नवकार सुनाया, मांगलिक सुनाई और तब पूज्य श्री नित्यानंद विजयजी म.सा. को कहा इसे नवकार सुनाते रहना, जब तक यह जीव शान्ति पूर्वक विदा नहीं ले ले। राणापुर में पूज्य साध्वीश्री देशनानिधी श्रीजी म.सा. के दीक्षा अवसर का था, पूज्यश्री रजला से राणापुर की ओर विहार करते बड़ी घाटी तक आ गये। यकायक उनकी निगाहें एक पिल्ले पर पड़ी, गुरुदेव ने पूछा यह कहाँ से आ गया पता चला यह तो टोले के साथ रजला से पीछे-पीछे आ गया, इतने में कुत्ते का वह बच्चा गुरुवर के पैर चाटने लगा, गुरुदेव ने स्नेह से सहलाते हुए एक कार से पुनः उसकी माँ के पास भिजवाया।

नवकार मंत्र आराधना ने सायंकाल प्रतिक्रमण के पश्चात् हम कुछ आराधक गुरुदेव के पास बैठ जाते थे, गुरुदेव पुराने स्मरण व अध्यात्म की चर्चा करते थे। विजयवाड़ा नवकार मंत्र आराधना के समय प्रतिक्रमण पश्चात् हिंसा-अहिंसा पर इतने मार्मिक ढंग से प्रस्तुति दी कि मेंगलवा हाल मुकाम दिल्ली के एक गुरुभक्त ने कहाँ गुरुदेव मुझे जीवदया में इतनी रकम खर्च करना-आप आदेश दें।

गुरुदेव ने कहा- यूँ तो हम जीवों को घांस, गुड़, चुग्गा पानी देते हैं अच्छी बात है लेकिन मैं चाहता हूँ तुम कत्ल खाने में कटने के लिए जा रहे जानवरों को जो भी निश्चित रूप से

मरेंगे ही उनमें से आधे पैसों से जानवरों को खरीद लो और गौ-शाला पहुँचवा दो। और शेष राशि गौशाला को पहुँचा दो जिससे उनका रख रखाव भी होता रहेगा। ऐसे में तुम्हें उन मरते हुए प्राणियों को अभयदान का अपूर्व पुण्य मिलेगा। उन भाईयों ने दूसरे दिन ही जोधपुर जाकर यह कार्य किया और तब से आज तक प्रतिवर्ष वह जीव बचाने का कार्य करता रहता है ।

गुरूदेव अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के सम्मेलन/अधिवेशन अथवा जब भी सदस्यों का एकत्रित होने का मौका मिलता वे इस हेतु प्रेरणा देते थे।

उन्हीं की प्रेरणा से डीसा-अहमदाबाद व गुजरात की परिषद पांजरापोल के माध्यम से जीवों को रख-रखाव करती विशेषकर मकर संक्रान्ति पर पतंगबाजी के दौरान घायल पक्षियों को तुरन्त ईलाज मुहैय्या करवाती है।

अहमदाबाद की तरूण परिषद ने अनेक बार कटने जा रहे पशुओं को पुलिस माध्यम से बचाया। गुजरात के मुख्यमंत्री ने भी इन्हें प्रशंसा पत्र दिया। अभी हाल ही मैं जीव दया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डीसा के श्री हसमुख भाई वेदलिया को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया। इसके बुनियाद भी पूज्य गुरुदेव की ही प्रेरणा रही। पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा व भावना को सम्मान देते हुए भारत भर की अनेक परिषद शाखाएँ इस कार्य को प्राथमिकता से कर रही हैं ।

मध्यप्रदेश के नवगठित राणापुर शाखा ने बीमार व अनुपयोगी प्राणियों को बचाने का एक अभियान चला रखा है।

परिषद शनिवार को बाजार के दिन मंडी में किसान, आदिवासी द्वारा इस प्रकार बेचने के लिए आए जानवरों को खरीदती है। ये जानवर सामान्यतः कसाई या कत्लखाने वाले ही खरीदते हैं। आदिवासी किसान इसलिए बेच देते हैं कि अब वह उनके लिए अनुपयोगी एक तरफ उनके लिए खिलाने का व ईलाज का पैसा बचेगा तो दूसरी तरफ बेचने पर पैसा मिल जायेगा। परिषद इन दुर्बल जानवरों को खरीदकर पांजरापोल गौशाला में भेज रही है। अभी तक सैंकड़ों जानवरों को बचा चुकी है।

10 मार्च 2019 को इंदौर में एक मुमुक्षु भाई श्री मयंक पावेचा व वर्षीतप तपस्वी परिषद के महामंत्री अशोक श्रीश्रीमाल, दीपमाला श्रीश्रीमाल के अभिनंदन समारोह प्रसंग पर एक मार्मिक अपील पर 50 से अधिक मुक पशुओं को कत्लखाने से छुड़वाने का संकल्प लेकर छुड़ाने की प्रक्रिया आरंभ हो गई ।

सूरत परिषद ने पूज्य पुण्य सम्राट के देवलोक गमन के पश्चात् से एक वर्ष तक प्रतिदिन अभियान चला रखा था। आज भी यह परिषद ग्रामीण क्षेत्रों से इस प्रकार के जीवों को बचाकर अभयदान दे रही है।

पूज्य पुण्य सम्राट की यह प्रेरणा इस प्रकार जीवों के लिए वरदान बन गई । दक्षिण भारत की बैंगलोर, मैसूर, हुबली आदि शाखाएँ हर माह पांजारापोल जाकर जीवदया के कार्य करती हैं ।

जयंतसेन हस्ताक्षर

(भक्तों को पूज्य गुरुदेव द्वारा प्रसादी रूप भेजे गये पत्रों का यहाँ क्रमशः प्रकाशन किया जायेगा)



प्रातः स्मरणीय प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वर गुरुभ्यो नमः।

॥ आचार्यदेव श्रीमद्विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराज ॥

सुश्रावक श्री अशोकजी एवं समस्त कटारीया परिवार।
— धर्मलाभ।
क्षमापना पत्र मिला।
हमने भी यहाँ पर्वाराधना सानन्द की।
गुरुदेवश्री की परम कृपा से हम सुखशाता में हैं।
पर्वाधिराज का पुनीत सन्देश है क्षमा याचना करना आत्म धर्म है।
उपशम भाव से क्रोध का शमन।
विनय गुण से अहंकार की समाप्ति।
सरलता से माया का उच्छेदन।
और
सन्तोष से लोभ का संवरण करें जिससे कि हमारी आराधना सफल सार्थक हो।
विशुद्ध भाव की निर्मल गंगा में स्नान करें
एवं
पश्चात्ताप के निर्झर में अपने को पवित्र बनायें।
क्षमा याचना और क्षमा प्रदान करना आत्म शुद्धि में परम सहायक है। परिवार में सभी को धर्मलाभ कहें। सभी सुखशाता में है। आपकी [illegible] मंगलकामना।

दि. 10-9-2000
इन्दौर

[illegible]



प्रवचन

अशुभ वचनयोग (26)

स्व. पुण्य सम्राट युग प्रभावक लोकसंत जैनाचार्य
श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.

जो समझदार हैं वे मत्सर (ईर्ष्या) से भरे हुए हैं, धनी लोग अभिमान से दूषित हैं। और अन्य लोग बेसमझ हैं (जो सूक्ति को समझने में असमर्थ हैं) इस प्रकार सुभाषित अपने आप में जीर्ण होता रहता है।

इसी 'उत्तराध्ययनसूत्र' में चौबीसवें अध्ययन में प्रभु महावीर ने उपदेश दिया है :-

असावज्जं मियं काले, भासं भासिज्ज पन्नवं ।।

प्रज्ञावान (समझदार) व्यक्ति को समय के अनुसार सीमित निर्दोष भाषा में अपनी बात कहनी चाहिये ।

परिस्थिति का विचार करके कम शब्दों में (संक्षेप में) निर्दोष बात जो कहते हैं, वे ही समझदार वक्ता होते हैं- यह प्रभु की सूक्ति का आशय है । 'विवेकविलास' नामक पुस्तक में ऐसी सूक्ति मिलती है -

वाक्यं प्रियहितं वाच्यं, देशकालनुगं बुधैः।।

विद्वानों को देशकालानुसार हितकारी प्रिय वचन बोलना चाहिए। 'तत्त्वामृत' नामक ग्रन्थ में लिखा है -

निरवद्यं वदेद्वाक्यम्, मधुरं हितमर्थवत् ।।

मधुर, हितकर, सार्थक और निर्दोष वाक्य बोलना चाहिए।

बोलने को तो कौआ भी बोलता है, परन्तु लोग कोयल

की बोली ही सुना करते हैं, क्योंकि उसमें मधुरता होती है-

कोयल काकों देत है, कौआ कासों लेत ?
मीठे बोल सुनाइकै, मन बस में करि लेत ।।

कोयल किसी को कुछ देती नहीं और कौआ किसी से कुछ लेता नहीं, परन्तु कोयल मीठी बोली से सबका मन वश में कर लेती है, इसी प्रकार जो लोग मीठा बोलते हैं, वे लोकप्रियता अर्जित करते हैं। एक अन्य सुभाषित के द्वारा नीतिकार कहते हैं :-

काकः कृष्णः पिकः कृष्णः, को भेदः पिककाककायोः ।
वसन्तसमये तात ! काकः काकः पिकः पिकः ।।

कौआ काला होता है और कोयल भी काली होती है। दोनों में अन्तर क्या है ? (कुछ नहीं) फिर भी हे तात ! वसन्त ऋतु आने पर (लोग पहचान लेते हैं कि) कौआ-कौआ है और कोयल कोयल है (बोली से समझ लेते हैं कि कौआ कौनसा है और कोयल कौनसी है नीतिकार शिरोमणि श्री विदुरजी का कथन इस विषय में इस प्रकार है :-

अव्याहृतं व्याहृताच्छ्रैय आहुः, सत्यं वदेद् व्याहृतं तद् द्वितीयम् ।
प्रियं वदेद् व्याहृतं तत् तृतीयं, धर्मं वदेद् व्याहृतं तच्चतुर्थम् ।।

- विदुरनीतिः 4/12

बोलने की अपेक्षा न बोलना श्रेष्ठ है। यह एक बात हुई । बोलना हो तो सत्य ही बोलना चाहिए। यह दूसरी बात है, जो उससे श्रेष्ठ है। सच्ची बात मीठी भाषा में बोलनी चाहिए, यह तीसरी बात उससे अच्छी है। मीठी बोली में कही गई बात धर्म के अनुकूल हो। यह चौथी बात उससे भी अच्छी है।

वाणी किस प्रकार बुद्धि के मार्गदर्शन की अपेक्षा रखती है, उसे एक उदाहरण के साथ शास्त्रकार समझाते हैं :-

पुव्वं बुद्धीए पासेत्ता, तओ वक्कमुदाहरे ।

अचक्खुओव नेयारं, बुद्धिमन्नेसए गिरा ।।

पहले बुद्धि से परखकर फिर बोलना चाहिए, क्योंकि अन्धा व्यक्ति जिस प्रकार मार्गदर्शक (नेता) की अपेक्षा रखता है, उसी प्रकार वाणी भी बुद्धि के मार्गदर्शन की अपेक्षा रखती है ।

बोलने में बुद्धि का जब अंकुश रहता है, तभी वक्ता को यह भान रहता है कि देखी-सुनी समस्त बातें मुँह से बाहर निकालने योग्य नहीं होती :-

सव्वं सुणाति सौतेन, सव्वं पासइ चक्खुणा ।

न च दिट्ठं सुतै धीरो, सव्वं उज्झितुमरहित ।।

- थैरगाथा 8/500

मनुष्य कान से कुछ सुनता है और आँख से कुछ देखता है, परन्तु धीर (धैर्यशाली) पुरुष देखी-सुनी सब बातों को मुँह से प्रकट नहीं करता ।

देखी-सुनी बातों में से जितना अंश प्रकट करने योग्य समझते हैं, उतना ही प्रकट करते हैं, इसीलिए, पहले भली-भाँति सोचकर फिर बोलना चाहिए, ऐसा कहा गया है-

अणुचिन्तिय वियागरे ।।

बिना विचारे बोलना अशुभवचन - योग है। उससे कैसे-कैसे अनर्थ हो जाते हैं ?

इसके कुछ उदाहरण सुनिए :-

मानव शरीर पर वाणी का कैसा प्रभाव होता है ? सो जानने के लिए कुछ डॉक्टरों ने एक ऐसा कैदी माँग लिया, जिसे मृत्युदण्ड दिया जा चुका है।

प्रयोग के लिए उस कैदी को एक टेबल पर लिटा दिया गया। फिर उनकी आँखों पर पट्टी बाँध दी गई, जिससे वह केवल सुन सके, परन्तु कुछ देख न सके । (क्रमशः)



गणधरवाद

प्रवचनकार

स्वर्गीय मनीषी लोकसंत आचार्य श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा.

व्यक्त- परन्तु इस प्रकार के परमाणु का अस्तित्व नहीं है, क्योंकि वह सामग्री से उत्पन्न नहीं होता।

महावीर- एक तरफ तो तुम यह कहते हो कि सब सामग्रीजन्य है और फिर कहते हो कि परमाणु नहीं है। यह तो परस्पर विरुद्ध कथन है। जैसे कोई कहे कि सभी वचन झूठे- असत्य है, तो उसका यह कथन जैसे स्ववचन विरुद्ध है, वैसे ही इसमें भी विरोध है, क्योंकि यदि परमाणु ही न हो, तो उसके अलावा ऐसी कौन-सी सामग्री है, जिससे यह सब उत्पन्न होता है ? क्या यह सब आकाश कुसुम से उत्पन्न होता है ? इसलिए यदि सभी सामग्रीजन्य मानना हो, तो परमाणु रूप सामग्री का अभाव नहीं माना जा सकता।

सभी अदृश्य नहीं है

व्यक्त- किन्तु परभाग अदृश्य है ही और निकटवर्ती भाग के भी सूक्ष्म होने से वह भी अदृश्य है- इत्यादि तर्क द्वारा जिस सर्वशून्यता की सिद्धि की थी, उसका क्या होगा ?

महावीर- इसमें भी विरोध है, क्योंकि दृश्य वस्तु के अग्रभाग को ग्रहण करने एवं देखने पर भी कहते हो कि वह नहीं है। इसमें विरोध नहीं तो और क्या है ?

व्यक्त- वस्तुतः सर्वभाव होने से अग्रभाग का ग्रहण भी भ्रांति ही है।

महावीर- अग्रभाग का ग्रहण भी यदि भ्रांति मात्र हो, तो शून्य रूप से समान होने पर भी खर-विषाण का अग्रभाग क्यों ग्राह्य नहीं होता या तो दोनों का ग्रहण समान रूप से होना चाहिए अथवा नहीं होना चाहिए। समान होने पर भी ऐसा होना सम्भव नहीं है कि एक का तो ग्रहण हो और दूसरे का न हो तथा विषर्यय क्यों नहीं होता ? स्तंभादि के अग्र भाग के बदले खर-विषाण का ही अग्रभाग दिखे और स्तंभादि के अग्र भाग के बदले खर-विषाण का ही अग्रभाग दिखे और स्तंभादि का अग्रभाग न दिखे, ऐसा क्यों नहीं होता ? इसलिए ऐसा नहीं माना जा सकता कि सभी कुछ शून्य ही है।

इसके अतिरिक्त दूसरी बात यह है कि पर भाग नहीं दिखता, इसलिए अग्रभाग भी नहीं होना चाहिए, यह कैसा अनुमान ? क्योंकि अग्रभाग तो अबाधित प्रत्यक्ष सिद्ध है। इसलिए उक्त अनुमान से अग्नि के ऊष्णत्व की तरह अग्रभाग का बाध नहीं हो सकता, किन्तु इस अग्रभाग ग्राहक प्रत्यक्ष से ही तुम्हारा अनुमान बाधित हो जाएगा। याने अग्रभाग के ग्रहण से परभाग की भी सिद्धि हो जाएगी, क्योंकि अग्रभाग यह आपेक्षिक है। इसलिए यदि कोई पर भाग हो, तभी अग्रभाग सम्भव है, अन्यथा नहीं। इसलिए अग्रभाग के अस्तित्व से परभाग के अस्तित्व का अनुमान सहज है।

अदर्शन अभाव साधक नहीं है

दूसरी बात यह है कि अदर्शन मात्र से वस्तु का निह्नव-अपलाप नहीं किया जा सकता, क्योंकि देशादि से विप्रकृष्ट व मेरु-पिशाचादि वस्तुएँ विद्यमान होकर भी नहीं दिखने से उनका अभाव नहीं माना जा सकता। परभाग के अदर्शन मात्र से अग्रभाग का निषेध नहीं किया जा सकता, परन्तु अग्रभाग के दर्शन से अदृश्य पर भाग का अस्तित्व भी अनुमान से सिद्ध किया जा सकता है। जैसे कि दृश्य वस्तु का परभाग भी है, क्योंकि तत्सम्बद्ध अग्रभाग का ग्रहण होता है, जैसे आकाश के पूर्व

भाग का ग्रहण होने से तत्सम्बन्धी परभाग भी है ही। इसी प्रकार दृश्य वस्तु का परभाग भी है। तथा तुमने जो यह कहा था कि अग्रभाग का भी एक भाग अग्र है और उसका भी एक भाग अग्र है, ऐसा करते -करते जो सर्वाग्र भाग हैं, वह तो सूक्ष्म है और अदृश्य है। इसलिए अग्रभाग का सर्वथा अभाव है इत्यादि, वह भी अयुक्त है। क्योंकि इसमें भी यदि परभाग न माना जाए, तो अग्रभाग सम्भव ही नहीं होगा। इसलिए परभाग के अदृश्य होने पर भी उसे स्वीकार करना ही चाहिए।

यदि सर्वशून्य ही हो, तो फिर अग्रभाग, मध्यभाग और परभाग ऐसा भेद भी कैसे सम्भव है ?

व्यक्त- परमत की अपेक्षा ऐसा भेद किया गया है ।

महावीर- आयुष्मन ! किन्तु जहाँ सर्वाभाव हो, वहाँ यह स्वमत और परमत ऐसा भेद किस तरह हो सकता है। नहीं मानने पर ही अग्रभाग, मध्यभाग, परभाग ये भेद स्वीकार किए जा सकते हैं और यदि ऐसे भेदों को स्वीकार न किया जाए, तो फिर खर-विषाण जैसे इन विकल्पों का अर्थ भी क्या है ? अर्थात् वैसे विकल्प करना निरर्थक है।

यदि जब सर्वशून्य हो, तो ऐसा कैसे सम्भव है कि अग्रभाग ही दिखे और परभाग न दिखे ? वस्तुतः कुछ भी नहीं दिखना चाहिए और ग्रहण भी विपर्यास क्यों नहीं होता ? अर्थात् ऐसा क्यों नहीं होता कि परभाग ही दिख जाए, किन्तु अग्रभाग न दिखे ? इससे सर्वशून्यता असिद्ध है।

यदि ऐसा नियम हो कि परभाग नहीं दिखता है, इसलिए वस्तु शून्य है, तो फिर स्फटिक की सत्ता तो स्वीकार करनी ही होगी, क्योंकि उसका तो परभाग भी दिखता है।

व्यक्त- स्फटिकादि भी वस्तुतः शून्य ही है।

महावीर- तब तो परभाग के अदर्शन से वस्तु का अभाव सिद्ध नहीं होगा। परभाग का अदर्शन यह हेतु बन जाएगा। अतः यही कहो कि कुछ नहीं दिखता इसलिए सर्वशून्य है ।

(क्रमशः)



लघु कथाएँ

मैं जानता हूँ

स्व. पुण्य सम्राट युग प्रभावक लोकसंत जैनाचार्य
श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.

चोरी पकड़ी गयी

एक राजा की राज्य सभा में एक पंडितजी थे। एक बार राजा ने पंडितजी से 'तन्तु कहा करन्त ।' की समस्या पूर्ति करने के लिए कहा। पंडितजी घर गये, पर समस्या पूर्ति नहीं कर सके, इसलिये निराश हो गये। उनकी पुत्रवधू ने उनसे उदासी का कारण पूछा। पंडितजी ने वह समस्या बता दी। पुत्रवधू बड़ी बुद्धिमान थी। उसने समस्या पूर्ति कर दी।

दूसरे दिन पंडितजी ने राज दरबार में समस्या पूर्ति करते हुए दोहा सुनाया-

साठ वर्ष के बाद जो, नर बनता है कन्त ।
वह बूढ़ा वह बालिका, तन्तु कहा करन्त ।।

समस्या पूर्ति से राजा प्रसन्न हो गया। उसने दूसरी समस्या पंक्ति दी- 'किस मुख घालूँ खीर।' पुत्रवधू की सहायता से पंडितजी ने इस समस्या की पूर्ति भी कर दी-

बालक रावण जनमियो, दशमुख एक शरीर ।
माता मन में चिन्तवे, किस मुख घालूँ खीर ।।

राजा ने पंडितजी के सामने एक समस्या और रखी- 'बिरला देख्या कोय।'

दूसरे दिन राज्य सभा में पंडित ने समस्या पूर्ति की -

सात समुन्दर मैं फिरी, सब जग लीनो जोय ।
साधु सती औ सूरमा, बिरला देख्या कोय ।।

पर इस बार पंडितजी की पोल 'फिरी' शब्द से खुल गई। राजा ने यह समझ लिया कि किसी स्त्री ने यह समस्या पूर्ति की है। राजा

के पूछने पर लज्जित होकर सिर झुकाकर पंडितजी ने कहा- मैंने किसी भी समस्या की पूर्ति नहीं की है। सारी बुद्धिमानी मेरी पुत्रवधू की है। उसी ने सब समस्याओं की पूर्ति की है।

महल कभी गिर जायेगा

इस दुनियाँ में जो कुछ दिखाई देता है, वह सब समय आने पर नष्ट हो जाता है। बगीचे में कलियाँ खिलती हैं और फूल मुरझा जाते हैं। एक बालक जन्म लेता है, किशोरावस्था और जवानी पार करके बूढ़ा हो जाता है और फिर मर जाता है। उसकी मृत देह को उसके ही रिश्तेदार शमशान में ले जाकर जला देते हैं। मनुष्य दूसरी चीजों की अनित्यता को देखते हुए भी अपने बारे में नहीं सोचता, यह बड़े आश्चर्य की बात है।

एक राजा ने एक बड़ा शानदार महल बनवाया। उस महल के निर्माण के लिए देश के कुशल कारीगर लगे थे। करोड़ों रुपयों की लागत से यह महल बना। महल का उद्घाटन किया गया। नगर के सभी प्रतिष्ठित लोगों को समारोह में आमन्त्रित किया गया। सब लोग आये और दावत में शरीक हुए। सबने महल देखकर उसकी प्रशंसा की और सब चले गये। केवल एक दार्शनिक वहाँ बैठा रहा और टकटकी लगाये महल की ओर देखता रहा।

राजा ने पूछा- क्या आपको इस महल में कोई कमी दिखाई दे रही है ?

दार्शनिक बोला- हाँ राजन् ! मुझे इसमें केवल दो कमियाँ दिखाई दे रही हैं। पहली यह कि इसे बनाने वाला एक दिन मर जायेगा और दूसरी यह कि किसी दिन यह महल भी नष्ट हो जायेगा ।

महल बन्यो सारो घणो, पण एमाँ बे खोट ।
करनारो मरशे कदी, पडशे महल सचोट ।।
यह संसार एक स्वप्न है।
सबको जाना एक दिन, तज तन धन परिवार ।
जयन्तसेन सब व्यर्थ है, मद मिथ्या अधिकार ।।



उत्तरदाता
स्व. जैनाचार्य श्रीमद् विजय
जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा.

प्रश्नोत्तरी

शब्द नय किसे कहते हैं?



प्रश्नकर्ता
जैनाचार्य श्रीमद् विजय
नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा.

प्र. नैगम नय किसे कहते हैं ?

उ. 'न एको गमो नैगमः' अर्थात् जो अंश आरोप और विकल्प से वस्तु को जाने। जैसे निगोदिया जीव को सिद्ध कहना, और चौदहवें गुण स्थान वाले को संसारी कहना यह अंश है।

लकड़ी के घोड़े को घोड़ा कहना यह आरोप, जैसे रथ के लिए लकड़ी काटने के लिए वन में जाते हुए सुथार से कोई पूछे कहाँ जाते हो ? वह कहे कि रथ लाने जाता हूँ।

प्र. संग्रह नय किसको कहते हैं ?

उ. अपनी जाति का विरोध न करके अनेक विषयों का जो एकपने से ग्रहण करे उसको संग्रह नयन कहते हैं। जैसे जीव कहने से सब जीवों का ग्रहण होता है।

प्र. व्यवहार नय किसे कहते हैं ?

उ. संग्रह नय से ग्रहण किये हुए पदार्थों को विधि पूर्वक भिन्न-भिन्न करे उसे व्यवहार नय कहते हैं। जैसे जीव के त्रस और स्थावर भेद करना।

प्र. पर्यायार्थिक नय के कितने भेद हैं ?

उ. त्रदजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ़ और एवं भूत ये चार भेद हैं।

प्र. त्रदजुसूत्र नय किसको कहते हैं ?

उ. ऋजु यानी सरल अर्थात् भूत भविष्यत् की अपेक्षा न करके जो वर्तमान पर्याय मात्र को ही ग्रहण करे उसको त्रदजुसूत्र नये कहते हैं।

प्र. शब्द नय किसे कहते हैं ?

उ. लिङ्ग, कारक वचन, काल और उपसर्ग वगैरह के भेद से वस्तु को भिन्नपने ग्रहण करे उसको शब्द नय कहते हैं। जैसे 'दार, भार्या, कलत्र ये तीनों भिन्न-भिन्न लिङ्ग के शब्द एक ही स्त्री पदार्थ के वाचक हैं किन्तु यह नय स्त्री पदार्थ को तीन रूप से ग्रहण करता है। तथा 'मैं भोजन करता हूँ और मुझे देखता हूँ।' इत्यादि कारक आदि के भेद से भी भेद समझ लेना।

स्वस्थ्य प्रतिस्पर्द्धा करें



गच्छाधिपति जैनाचार्य
श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. की डायरी के पृष्ठ

बुधवार

प्रतिद्वन्दिता में कोई बुराई नहीं है बशर्ते कि यह स्वस्थ हो । प्रतिस्पर्धा से प्रतिभा को उन्कृत होने का अवसर मिलता है। व्यक्ति में प्रतिस्पर्धा की भावना होना कोई विकृति नहीं है। यह उसे विकास की ओर प्रेरित करती है।

वह निरंतर अपनी ऊँचाई बढ़ाने का प्रयत्न करता है। प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए जिसमें किसी रेखा को छोटी रेखा सिद्ध करने के लिए बड़ी रेखा के रेखांकन का सिद्धान्त लागू हो। रेखा को लघु सिद्ध करने के लिये उसे मिटाने का प्रयत्न अस्वस्थ प्रतियोगिता है। प्रतिद्वन्दिता में जितने भी दूषण उत्पन्न हुए हैं, उनका कारण अस्वस्थ रीतियों का उपयोग है। व्यक्ति दूसरों के साथ दौड़ लगाते हुए प्रतिद्वन्दी को लंघी मारने का प्रयत्न कर बैठता है। यह अनुचित है। ऐसे व्यक्ति न तो स्वयं का समुचित विकास कर पाते हैं, न ही अपनी ऊँचाई अर्जित कर पाते हैं।

गुरुवार

जैन धर्म का जिनको अध्ययन नहीं है, वे इसके विषय में भ्रामक प्रतिपादन करते हैं।

अधिकांश पश्चिमी विद्वान मानते थे कि जैन धर्म अन्य धर्म की शाखा है। कई ने इसके मूल के रूप में वैदिक संस्कृति को माना जबकि कई बौद्ध धर्म मानते रहे हैं। जैन धर्म के विषय में अब विद्वानों को वास्तविकता का ज्ञान होना प्रारंभ हुआ है। यह उल्लेखनीय है कि अब शोध की प्रवृत्ति जागृत होने पर तीर्थंकर महावीर देव के अलावा तीर्थंकर नेमीनाथजी तथा तीर्थंकर पार्श्वनाथजी को ऐतिहासिक पुरुष माना जाने लगा है।

कितनी विडम्बना है कि जो कृष्णजी को ऐतिहासिक पुरुष स्वीकार करते हैं, वे नेमीनाथजी के सम्बन्ध में विपरीत राय रखते हैं। जैन समाज के लिये महत्वपूर्ण कार्य जैन इतिहास पर शोध को प्रोत्साहित कर वास्तविकता प्रकाश में लाना है।

मांसाहार से ग्लोबल वार्मिंग का अभिशाप



(जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा.)

दुनिया में ऐसे बहुत से कारक हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन प्रतिदिन बिगड़ता ही जा रहा है और जिसमें मानव मुख्य भूमिका निभा रहा है। प्रकृति में मानव के जीविकोपार्जन तथा वृद्धि व विकास के लिए खनिज, वनस्पतियां तथा अनाज उपलब्ध हैं। मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रकृति में पर्याप्त मात्रा में अनाज पैदा होता है। प्रकृति ने सभी जीवों के लिए भोजन की व्यवस्था की है परन्तु मानव प्रकृति के नियमों के विरुद्ध जाकर प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का संतुलन बिगाड़ने पर तुला हुआ है। वह शुद्ध शाकाहार (अनाज) तथा अन्य प्राकृतिक खाद्य पदार्थों की उपेक्षा कर मांसाहार की ओर अपने कदम तेजी से बढ़ा रहा है। मांसाहार के सेवन से ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

मांसाहार स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है और साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहा है। जिस प्रकार देश में आर्थिक विकास प्रगति की ओर बढ़ रहा है उसी के साथ मांस व पशुपालन उद्योग तेजी से फल-फूल रहा है। जैसे देखा जाए तो पहले चीन में सुअर का मांस सिर्फ वहाँ का धनिक वर्ग ही सेवन करता था पर आज आधुनिकता बढ़ने के साथ गरीब वर्ग भी इसका प्रतिदिन के भोजन में सेवन करने लगा है जिससे मांस के आयात-निर्यात में बढ़ौत्तरी हुई है। जो राज्य आर्थिक स्तर पर विकसित होते जा रहे हैं उनमें मांस की खपत भी बढ़ती जा रही है। प्राचीन समय में कमजोरी व कुपोषण को दूर करने में जहाँ विभिन्न प्रकार की दालों व फलों का उपयोग किया जाता था उस स्थान पर आज मांस का सेवन किया जा रहा है। कमजोरियों के निदान हेतु मांस को भ्रमपूर्ण प्राथमिकता देने पर तुला हुआ है। सन् 1961 में विश्व में कुछ मांस आपूर्ति लगभग 7 करोड़ टन थी जो 2008 में बढ़कर 28 करोड़ टन अर्थात चौगुनी हो गई है और यह सब विकासशील देशों में तेजी से बढ़ रहा है जो विनाशकारी है मशीनों

के माध्यम से पशुओं के वध व मांसाहार जीवों में तेजी से वृद्धि ने मांस को पहले की तुलना में बढ़ा दिया है। पशुओं से कम समय में अधिक मांस प्राप्त करने के लिए उन्हें अधिक मात्रा में अनाज खिलाया जाता है अर्थात विश्व का एक-तिहाई अनाज पशुओं को खिलाया जाता है ताकि उनका मांस प्राप्त किया जा सके। अनाज को अधिक मात्रा में पशुओं को खिलाने से भुखमरी के शिकार लोगों की संख्या बढ़ती ही जा रही है साथ ही अधिक मात्रा में पशु आहार तैयार करने के लिए विभिन्न प्रकार के रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों तथा पानी का अधिक उपयोग किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को नुकसान तथा पानी के संकट की समस्या बढ़ती ही जा रही है। मांस प्राप्त करने के लिए मानव नए-नए कृत्रिम तरीके अपना रहा है जिससे बर्ड फ्लू, स्वाइनफ्लू तथा मैड काऊ जैसी नई महामारियां और वायरस फैलाकर अपने (स्वयं) तथा दूसरों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। मांस उत्पादन में खाद्य पदार्थों की बड़े पैमाने पर बर्बादी होती है एक किलो मांस पैदा करने में 7 किलो अनाज या सोयाबीन की आवश्यकता होती है साथ ही भारी मात्रा में पानी की बर्बादी होती है।

अनाज के मांस में बदलने की प्रक्रिया में 90 प्रतिशत प्रोटीन, 99 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट और 100% रेशा नष्ट हो जाता है और कई गुना पानी की बर्बादी हो जाती है। पशुपालन के तरीके से कृषी व भोजन तैयार करने में अत्यधिक जमीन व साधनों-संसाधनों की आवश्यकता होती है और इसके लिये वनों को काटा जाता है वर्तमान में विश्व की दो-तिहाई जमीन पशुपालन व चरागाह के लिए लगा दी गई है। और जैसे-जैसे मांस की खपत में बढ़ौत्तरी होती जाएगी वैसे-वैसे ग्रीनहाउस प्रभाव तेजी से बढ़ता जाएगा। एफएओ के रिसर्च के अनुसार अमेरिका में 70% भूमि को चरागाह में बदल दिया गया है पेड़-पौधों की कमी ने CO_2 (कार्बन डाई आक्साइड) की मात्रा में बढ़ौत्तरी की है क्योंकि पेड़ पौधे CO_2 (कार्बन डाई आक्साइड) को ग्रहण कर मानव को प्राणवायु O_2 (ऑक्सीजन) देते हैं पशुओं के मांस से NO_2 (नाइट्रस ऑक्साइड) गैस निकलती है जो CO_2 की तुलना में 296 गुनी जहरीली होती है। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में कहा गया है कि यदि पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त और बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग तथा जल संकट से बचाना है तो हमें मांसाहार बन्द करना पड़ेगा और इसके लिए आने वाली भावी पीढ़ी को सचेत व जागरूक करना होगा। तभी हमारी पृथ्वी प्रदूषण मुक्त हो पाएगी और हमें शुद्ध वातावरण में खुशहाल जिन्दगी जीने का अवसर मिल सकेगा।

अध्यक्षीय पाती

जैनत्व के चिन्हों का संरक्षण आवश्यक

वाघजीभाई वोरा
राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीसंघ

जैनत्व जैन धर्म की पहचान है, इसे कमजोर किये जाने पर जैनधर्म का लोप शनैः शनैः इतिहास के पृष्ठों में होता रहेगा। वर्तमान में देश में जैन धर्मावलम्बियों की संख्या कुल आबादी में एक प्रतिशत से भी कम है। जैन धर्म अनुयायियों को चाहे अल्पसंख्यक घोषित कर दिया गया हो लेकिन जैन तीर्थों, जैन चिन्हों, जैन प्रतीकों, जैन संस्कृति के आयामों की सुरक्षा उस कारण बढ़ी नहीं है। जैन धर्म के मानने वालों का स्वाभिमान कई बार प्रश्न चिन्हों को निगलने की स्थिति में आ जाता है।

देखा जाए तो प्रजातंत्र संख्या बल के आधार पर निर्णायक बिन्दु तक पहुंचता है। बीसवीं सदी के मध्य में भारत की संविधान सभा में पांच जैन प्रतिनिधि थे, गुजरात, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में मुख्यमंत्री पद तक जैन पहुंचे (गुजरात में वर्तमान में भी जैन मुख्यमंत्री हैं) केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में दो तीन या अधिक जैन मंत्री सम्मिलित रहते थे लेकिन वर्तमान में लोकसभा या राज्यसभा में जैनों का उतना प्रतिनिधित्व नहीं है। इसका कारण स्पष्ट है कि प्रजातंत्र की अनुपम शक्ति का उपयोग जातिवाद के आधार पर समूह संगठित कर होने लगा है। अतएव वोटों का संख्याबल जैनों को विजय से पीछे धकेल देता है।

यही नहीं जैन संस्कृति की पहचान को विलुप्त करने के प्रयास योजनाबद्ध तरीके से चलते रहते हैं। पाठ्य पुस्तकों में जैन तथ्यों के साथ छेड़छाड़ होती रहती है। कहीं जैन धर्म को अन्य धर्म की शाखा बताया जाता है तो कहीं जैन तीर्थंकरों के जीवन चारित्र को विकृत कर दिया जाता है, तीर्थंकर महावीर को जैन धर्म का संस्थापक घोषित कर चौबीस तीर्थंकरों की परम्परा और उसमें भी विशेषतः ऋषभदेवजी, नेमीनाथजी, पार्श्वनाथजी की ऐतिहासिकता को नकार दिया जाता है। जैन धर्म को स्वतंत्र धर्म या जैन संस्कृति को पृथक एवं प्राचीन संस्कृति मानने के कई अजैन इतिहासकार या बुद्धिजीवी तैयार ही नहीं हैं।

इस प्रकार की जटिल परिस्थितियों में जैनत्व के चिन्ह कमजोर नहीं पड़े तथा हम स्वयं या हमारे पूज्य आचार्यगण अथवा श्रमण समुदाय अवसरवाद की हवा में बंध कर हमारे अस्तित्व को खो नहीं देवें, यह सावधानी आवश्यक है।

अध्यक्षीय संदेश

आरूढ़ हों साधना के मार्ग पर

रमेशभाई धरू
राष्ट्रीय अध्यक्ष

इसी मास दिनांक 17 अप्रैल 2019 बुधवार को तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक उत्सव तथा दिनांक 26 अप्रैल 2019 शुक्रवार को लोकसंत पुण्य सम्राट जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. की द्वितीय पुण्यतिथि का पर्व आ रहा है। परिषद परिवार को इनके आयोजन सम्पूर्ण समाज या त्रिस्तुतिक श्रीसंघ जैसी भी स्थानीय परिस्थितियां हो, उनके साथ सहयोग से अपने स्तर का करना चाहिये।

वर्तमान में वीतराग देव श्री महावीर स्वामी के शासनकाल में हम हैं उन्होंने केवल ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् समवसरण में बिराजमान होकर जिन पंच महाव्रतों का उद्घोष किया, वे उनके द्वारा प्रतिपादित धर्म का स्वरूप हैं। इस जन्म कल्याणक दिवस से उनके अवतरण का 2600 वां वर्ष प्रारंभ हो रहा है। इतनी दीर्घ अवधि के पश्चात् भी उनके उपदेशों की वर्तमान सर्वमान्यता तथा विश्व भर में फैले उनके अनुयायियों द्वारा की जाने वाली प्रभावना निःसन्देह उनके वचनामृतों की सर्व व्यापकता की परिचायक हैं। उन्होंने हमारी आत्मा के उद्धार का मार्ग प्रतिपादित किया। हमारे आयोजन उनके जन्म कल्याणक पर्व पर ऐसे हों जो हमारी आत्मा को प्रशस्त कर सकें।

पुण्य सम्राट जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा. का सर्वाधिक उपकार हम सभी पर है। उन्होंने हमें सम्यक्त्व का मार्ग प्रदान किया तथा हमारी साधना पद्धति को सही दिशा दिग्दर्शित की। जिनवाणी के मार्ग को हमारी समझाईश तथा जीवन प्रणाली से सम्बद्ध कर उनने हमें वीतराग प्रदत्त मार्ग का अनुकरण करने की प्रेरणा दी। उनके चिरबिछोह को दो वर्ष व्यतीत होने जा रहे हैं लेकिन उनकी कृपा की वर्षा हम पर निरंतर है। हमें लगता ही नहीं है कि वे हम से दूर अन्य लोक के वासी बन गये हैं। उनके उपदेश तथा उनकी भावभंगिमाएं हमारे जीवन का अंग बन चुकी हैं। हम उनको अपने से पृथक नहीं कर सकते। उन्होंने जो मार्ग आलोकित किया तथा श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद को सशक्त-सफल-सारस्वत बनाकर हमें जो अनमोल रत्न प्रदान किया उनकी रक्षा करना हमारा पावन कर्त्तव्य है। हम निरंतर उनकी दया की वांछा करते रहें।

दोनों पर्व दिवसों पर सुव्यवस्थित आयोजन के लिये दिग्दर्शन आपको प्राप्त होगा, आशा है हम अपने जीवन को साधना के मार्ग पर आरूढ़ करने का पराक्रम करते रहेंगे।

श्रेणिक तथा अभयकुमार

(मुनिराज डॉ. श्री सिद्धरत्नविजयजी म.सा.)

अभयकुमार ने ग्रामवासी ब्राह्मणों को सलाह दी कि वे राजा के पास जाकर राजा को कहें कि 'महाराज आपकी आज्ञा का पालन होगा। हम बालू की रस्सी बनाकर आपको शीघ्र ही भेज देंगे। पर आप हमें बालू की रस्सी का एक टुकड़ा नमूने के रूप में दिला दीजिए। जिसके आधार पर हम बालू की वैसी ही रस्सी बनाकर आपको भेंट कर देंगे।' और अगर राजा जो भी उत्तर दे आप लोग विनम्रता पूर्वक महाराजा से कहना कि जो रस्सी आपके राजगृह में नहीं है ऐसी अनमोल वस्तु हम गरीब आपको कहाँ से बनाकर देंगे ? हम तो आपकी गरीब प्रजा हैं। राजदरबार में पहुंचकर और जैसा राजकुमार ने कहा था वही महाराज से कह दिया।

गांववालों की बात सुनकर महाराज चकित हो गये और कुछ कहे बिना ब्राह्मणों को घर भेज दिया। गांव के लोगों ने राहत की स्वांस ली। अगले दिन महाराजा ने गांववालों को परेशान करने के लिए फिर से एक योजना बनाई और अपने सैनिकों को भेजकर गांव वालों से कहा कि 'तुम्हारे गाँव में स्वच्छ और मीठे पानी का जो कुंआ है उसे हमारे यहाँ भेज दीजिए।' यह सुनकर ब्राह्मणों के पैरों के नीचे से मानों जमीन खिसक गई हो। वे सोच रहे थे कि ये हो क्या रहा है एक परेशानी जाती ही नहीं कि दूसरी आ जाती है। सभी ब्राह्मण इकट्ठा हुए और अभयकुमार के पास गये और उनसे सारी बात बताई। राजकुमार अभय महाराज की आज्ञा सुनकर हँस पड़े। और थोड़ा सोचकर उनकी समस्या का समाधान किया और कहा कि कल दरबार जाकर जो समाधान मैंने बतलाया है वही राजा के समक्ष प्रस्तुत कर देना दूसरे दिन कुछ ब्राह्मण राजदरबार गये और महाराज की जय-जयकार की और विनम्रता के साथ कहा कि महाराज आपने हमारे गाँव का कुआ मंगवाकर हम गरीब प्रजा पर जो उपकार किया है उसके लिये हम आपके आभारी हैं। पर आपको तो ज्ञात ही होगा कि देहाती गाँव के कुएं शहर के माहौल से अनभिज्ञ हैं और अकेले शहर आने से डरते हैं इसलिए आप राजदरबार से एक कुंआ गांव भिजवा दीजिए उसके साथ गाँव

का कुंआ खुशी-खुशी पहुंच जाएगा।

ब्राह्मणों का उत्तर सुनकर राजा को कुछ संदेह हुआ कि ये ब्रह्माण तो इतने प्रभावशाली (तीक्ष्णबुद्धि) नहीं दिखते तो फिर इनके उत्तर इतने सटीक कैसे आ रहे हैं कौन है, जो इनकी सहायता कर रहा है। और मेरे सारे प्रश्नों का समाधान कर रहा है। ब्राह्मणों के जाने के बाद राजा ने कुछ अपने सैनिकों को बुलाकर कहा- 'कि तुम लोग नन्दीग्राम जाकर पता लगाओ कि कौन व्यक्ति है, जो मेरी एक भी चाल सफल नहीं होने दे रहा है और ब्राह्मणों की सहायता कर रहा है?' गुप्तचर नन्दीग्राम गये। वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि एक छोटा परदेशी कुमार है जो बहुत तेज और विलक्षण बुद्धि का धनी है और वही सब ब्राह्मणों की सहायता कर रहा है। बालक के बारे में पता लगाते हुए सभी गुप्तचर गाँव के बाहर उद्यान में गये। जहाँ वह कुमार अन्य बालकों के साथ जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन खा रहे थे। गुप्तचर पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गये। जब कुमार की नजर उन पर पड़ी तो कुमार ने कहा कि 'जामुन खाओगे क्या ?' तब गुप्तचरों ने कहा कि 'हाँ जरूर खायेंगे।' फिर कुमार ने कहा कि ठण्डे खाओगे कि गरम ? पहले तो गुप्तचरों ने कुछ सोचा फिर बोले कि गरमागरम जामुन खिलाओ । कुमार ने कुछ पके-पके जामुन तोड़कर हाथों से थोड़ा मसलकर उन्हें मिट्टी में फेक दिया। (क्रमशः)

श्री पाल-रास और जीवन-चरित्र

श्रीपाल-रास और जीवन-चरित्र-लेखक व सम्पादक जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म. प्रकाशक तथा प्राप्ति स्थान-दिव्य संदेश प्रकाशक ठि. सुरेन्द्र जैन, मरीन लाईन्स (ई) मुंबई-400002, मो. 9892069330, टेलि. 022-40020120, पृष्ठसंख्या-210, छपाई-सफाई-पक्कीबाइडिंग, बहुरंगी कव्हर, कागज-ठीक । मूल्य 160 रूपए द्वितीय आवृत्ति ।

श्री नवपद ओली के प्रसंग पर नौ आयंबिल के साथ श्रीपाल और मयणा सुन्दरी के रास का वाचन किया जाता है । इस रास के रचयिता महोपाध्यायगण श्री विनयविजयजी म. तथा श्री यशोविजयजी म. है । आचार्य विजय रत्नसूरीश्वरजी म. ने इसका हिन्दी सम्पादन तथा आलेखन किया है । पुस्तक में रास के हिन्दी में आलेखन के साथ ही नवपद आराधना विधि, नवपद वंदना, नवपद ध्यान तथा रास मूलतः भी संग्रहित हैं । हिन्दी में जैन साहित्य का अभाव है, उसकी पूर्ति यह ग्रंथ करता है । आशा है यह न केवल श्री नवपद आराधकों का मार्गदर्शन करेगा अपितु उनकी श्रीनवपद में निष्ठा भी सुदृढ करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा - सुरेन्द्र लोढा

गतांक के आगे

साध्वी श्री रूद्रसोमा
(वीर की छठी शती)

संशोधक–मुनि श्री चारित्ररत्नविजयजी म.सा.

माता रूद्रसोमा के अपने संन्यासी जीवन और प्रेरणा से संतुष्ट होकर राजपुरोहित सोमदेव तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने आचार्य रक्षित के पास जाकर अपने तथा परिवार के सदस्यों के कल्याण हेतु पंचमहावृत के समान संन्यासी जीवन की शिक्षा दीक्षा ली।

आर्या रूद्रसोमा ने अपने जीवन में कठोर तप करके तथा अनेक वर्षों तक सन्यासी जीवन में लोगों की सेवा करते हुए अपने जीवन को सफल बनाया है। आर्या रूद्रसोमा के गृहस्थ जीवन और संन्यासी जीवन दोनों ही मानवमात्र के लिये प्रेरणादायक रहे हैं क्योंकि गृहस्थ जीवन में उन्होंने अपने पति, पुत्रों व परिवार वालों की सेवा की तो संन्यासी जीवन में प्राणीमात्र की सेवा करते हुए पुण्य कमाया। उन्होंने अपने वंश (कुल) के बारे में न सोचकर लोकहित व लोककल्याण को महत्व दिया वे मानती थीं कि अगर जीवन को सफल बनाना है तो गरीब और असहाय लोगों की सेवा करो पशु–पक्षियों की सेवा करो तभी अपना (स्वयं) उद्धार होना तय है। जो उच्चकोटी का ज्ञान रूद्रसोमा के मन में भरा पड़ा था उन्होंने उसका सदुपयोग किया और अपने व्यवहारिक जीवन में ज्ञान का उपयोग कर अपने आप को सिद्ध किया। अपने वंश को आगे न बढ़ाकर रूद्रसोमा ने अपने दोनों पुत्रों आर्य रक्षित और फल्गुरक्षित को संन्यासी मार्ग पर अग्रसर किया। रूद्रसोमा के कठोर तप और बलिदान का फल ही था कि बालक रक्षित आगे चलकर युग प्रवर्तक, युग सुधाकर बना और लोगों को आध्यात्म और मानवता की शिक्षा दी।

रूद्रसोमा के अपने इसी बलिदान और पुत्रों को संन्यासी जीवन व्यतीत करने के कारण उनका वंश आगे नहीं बढ़ सका। पर इस कीर्तिमान व गौरवपूर्ण कार्य के कारण रूद्रसोमा का नाम संसार में अमर हो गया।

रूद्रसोमा के समय से आज तक अनेक महिलाओं ने पुत्रों को जन्म देकर अपने वंशों को क्रमानुगत कई वर्षों तक चलाया पर मानव समाज आज उनमें से किसी को भी नहीं जानता, किन्तु रूद्रसोमा के अपने पुत्रों का लोकहित में बलिदान तथा सन्यासी जीवन में एक प्रकाश की ज्योती की तरह स्वयं जलकर समाज को प्रवज्ज्वलित करने के कारण संसार में रूद्रसोमा का नाम आज भी उसी श्रद्धा और पवित्रता के साथ लिया जाता है ऐसी दिव्य नारी शक्ति को संसार शत्–शत् नमन करता है।

भाण्डवपुर एक संस्मरण

यह पूर्णतः प्रगट है कि शब्द-शब्द में मधुर-सुवास होती है, शब्द और उसका अर्थ भी होता है । शब्द एक होता है, अर्थ अनेक होते हैं। मन्दिर-साहित्य पर दृष्टिपात होता है, तत्काल एक ही शब्द अनेक अर्थो और आशयों में प्रतिबिम्बित होकर हमारे सन्मुख आता है। उदाहरण स्वरुप प्रासाद अथवा मन्दिर शब्द के सन्दर्भ में विचार-विमर्श कर लेते हैं- उत्तर भारत से लेकर दक्षिण तक पद-यात्रा करने पर विदित हो जाता है, कि मन्दिर शब्द एक ऐसा शब्द है जो छोटे से छोटे ग्राम और बड़े से बड़े नगर में अव्याबाध रूप से प्रविष्ट हो चुका है ।

शिव शब्द इतना सहज और सरल है कि श्मशान भूमि से लेकर वन-प्रान्तर तक उस का प्रवेश है । जिस दिन मनुष्य के अन्तर-मानस में देवत्व जागा, उसी दिन से शिव और ऋषभ का पदार्पण संभव हुआ । शिवजी एवं ऋषभजी अन्तरिक्ष से कदापि अवतरित नहीं हुए है, किन्तु मनुष्य के मनोभूमि पर अंकुरित हुए हैं।

इतना सा शब्द-चर्वण करने के अनन्तर यह ध्वनित होता है कि शब्द एक है और अर्थ अनेक है । जैसा कि- जल-मन्दिर, विद्या-मन्दिर, गुरु-मन्दिर, जहाज-मन्दिर, समाधि-मन्दिर, इत्यादि-इत्यादि । धर्म और दर्शन की शब्दावली में हम न जाकर सीधे-सीधे यह कहना चाहते हैं कि मनुष्य के मन में शिवत्व जागा है, अर्हत् तत्त्व जाग उठा है, उसी क्षण से सम्यक्त्व का सूर्योदय हुआ है, सूर्य स्वयं प्रकाशित है किन्तु वह बादलों को जन्म देता है, वे बादल उसी

सूर्य को आच्छादित कर देते हैं और तत्काल लगता है अब सूर्य का अस्तित्व कहीं आया है किन्तु अगले ही क्षण में सूर्य उन बादल दल को छिन्न-भिन्न कर देता है। यही यथार्थ कथन आत्मा के संदर्भ में पूर्णतः घटित हो जाता है।

क्रान्ति और कान्ति के आलोक पुरुष विश्व बन्ध जैनाचार्य राजेन्द्र सूरि की पट्ट-परम्परा के दीप्तिमान् सूर्य आचार्यश्री जयन्तसेन सूरिजी और विश्ववन्द्य उपाध्याय श्री पुष्कर मुनिजी का मधुर-मिलन सर्वप्रथम जोधपुर में संभव हो सका। उसके अनन्तर राजस्थान और मध्यप्रदेश के अंचलों में बहुधा होता रहा। मेरा भी आप श्री से अनेक प्रसंगों पर चाक्षुष प्रत्यक्ष भी होता रहा है। मेरा यह परम सौभाग्य है कि मुझे आपश्री जी द्वारा आलिखित कतिपय पुस्तकों पर प्रस्तावना-प्रलेखन का स्वर्णिम अवसर भी प्राप्त हुआ इतना ही नहीं, आपश्री जी के सन्त-परिवार के संग भी वार्ता-विचारण होती रही है।

स्वर्णे सौरभम् की यह सदुक्ति इसी वर्ष भाण्डवपुर में शब्दशः घटित है कि पूर्व-सम्पर्क और स्नेह पूर्ण संमिलन के स्वरूप हमारे होली चातुर्मास की अवस्थिति यहीं हुई जिसकी यह मधुर फलश्रुति है कि प्रस्तुत पावन भूमि पर जैनाचार्य जयरत्न सूरीश्वरजी श्रमण-समुदाय के साथ पुनः संमिलन का अवसर अपने आपमें एक वाचासगोचर है, इस प्रचुर -प्राचीन स्थल की पहचान राष्ट्रीय -राजमार्ग पर हो र ही है। यह वह संस्मरणीय पुण्य-क्षेत्र है कि जहाँ स्वाध्याय और साहित्य की दृष्टि से अनुकूल-अवकाश है। साधना के दृष्टिकोण से भी यह स्थली हमारे अन्तर्जगत् के प्रदूषण को जड़मूल से मिलाती है और पर्यावरण को वृद्धिगत करने में सर्वथा एवं सर्वदा सक्षम बने यही मंगल-प्रभात की बेला में मंगल कामना।

उपाध्याय रमेशमुनि शास्त्री

भाण्डवपुर तीर्थ- दि.9 मार्च 2019

प्रांसगिकम्



मेरे गुरु थे "सर्वगुणनिपुण"

(पुण्य सम्राट गुरुदेवश्री के शिष्यरत्न मुनि श्री निपुणरत्नविजय)

पेपराल से भांडवपुर...
पूनमचंद से पुण्यसम्राट्...

इस विराट जीवनयात्रा के कई अद्भूत, अजोड़, अकल्पनीय, अविस्मरणीय, अगाध, अक्षय, अनुपम पहलू है । जिसके साक्षी बनने का सौभाग्य लाखों गुरुभक्तों को मिला है । इस यात्रा का मंगलाचरण गुजरात के एक छोटे से गांव पेपराल से धरु कुलवंशी श्रेष्ठीवर्य श्री स्वरुपचंदजी धरु की धर्मोपासिका रत्नकुक्षिणी सुश्राविका पार्वतीबाई की कुक्षि से हुआ था । जिस यात्रा ने 81 वर्ष में अनेकानेक मुकाम हासिल किये । भव्य इतिहासों का सृजन किया, अनेक भव्यात्माओं का उद्धार किया, सदा अमर रहने वाले शासन प्रभावक कार्यों को सम्पन्न किया । इस यात्रा के **अग्रतःसर** थे समर्थ साधक, विरल व्यक्तित्व, निस्पृह नेतृत्व, साधना शिखर, गुणगंभीर, सरल स्वभावी, दीर्घदृष्टा, तत्व रसिक, ज्ञान समुद्र, सहज संवेगी, देशना निपुण, मधुर वचस्वी, क्षमाधन, तीर्थ प्रणेता, परिषद विकासक, यशस्वीनायक, धैर्यताधारक, सक्षम निर्णायक, सफल सन्मार्ग दर्शक, दुःखनिवारक, अप्रमत्त आराधक, नवकार पुरुष, दयावान, क्रियाशील, भवोदधि तारक, शासन्नोयक, संघ एकता शिल्पी, सकशलेखक, प्रवचनकुशल, गीतार्थ गणनायक, समयज्ञ, साहित्य मनिषी, प्रतिष्ठा शिरोमणी, संघ हितचिन्तक, राष्ट्रसंत, लोकसंत,पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा., जिन्हें गुरु के रुप में पाकर हमारा जीवन धन्य-धन्य हो गया । उसी के जीवन का अर्थ है, जिनके गुरु 'समर्थ' हैं । ऐसे समर्थ गुरु की प्राप्ति ही जीवन का सद्भाग्य, सौभाग्य, अहोभाग्य, साफल्य, सार्थक्य है ।

पूज्यपाद श्री की अनेक उपलब्धियों से भरी जीवन यात्रा को लाखों आंखों ने निहारा है । एक ही व्यक्तित्व में इतना सामर्थ्य बिना दिव्य शक्ति संभव नही । पू. गुरुदेव श्री परमात्मा के परम प्रेमी थे, साथ ही पूर्ण समर्पित गुरु चरणोपासक भी थे । गुरु सेवा में सदा रत् रहकर गुरु कृपा के सच्चे अधिकारी बने, यहाँ तक कि उनकी

देहाकृति भी गुरु समान ही थी, मानो गुरु ही शिष्य में समाविष्ट हो गये हों।

पू. गुरुदेवश्री ने सुविशुद्ध आचार-विचारों का पालन करते हुए संघ-शासन-गुरुगच्छ के महीमासभर अनेक प्रभावक कार्यों को अपने श्रेष्ठ मार्गदर्शन एवं प्रभावी सानिध्य प्रदान कर सम्पन्न किये। मैंने भी पूज्यश्री के ज्ञानमय-गुणमय-वैराग्यमय जीवन को खूब समीपता से देखा है। वे हर गुणों से पूर्ण थे, सम्पूर्ण थे, परिपूर्ण थे, In Short कहूं तो निपुण थे।

* श्री धर्माचार्य बहुमान कुलकम् में लिखा है -

गुरुणो नाणाइजुया, सयलभुवणमज्झंमि।

ज्ञानादि गुणों से युक्त गुरु सकल पृथ्वी में पूजनीय है।

* श्री यतिलक्षण समुच्चय में लिखा है-

गुणरागी य पवद्दइ, गुणरयणनिहीण पारत्तंतंमि।

गुणरागी ऐसा भावचारित्री सभी कार्यो में गुणरत्नों के निधि समान गुरु के पारतंत्र्य अनुसार करता है।

* **गुरुगुणरयणेहि मंडीयशरीरा-(संथारापोरसि)**
* **गुरु के गुण का नही पार लहुं-(श्री राजेन्द्रसूरि अष्टप्रकारी पूजा)**
* **आत्मतत्त्वप्रकाशेन, तावद्सेव्यो गुरुत्तमः (ज्ञानसार)**

ऐसे अनेक शास्त्रों में गुरु महीमा का अद्भूत वर्णन है।

चलो, गुणनिधान गुरुदेव श्री के गुणमय जीवन का दर्शन कर धन्य बनें।

* लेखनकला हो या क्रियारुचि * विहारबल हो या विचारबल * स्वाध्याय रूचि हो या क्रियारूचि * अनुभव ज्ञान हो या चिन्तन * निर्णय क्षमता हो या कार्य दक्षता * दूरदर्शिता हो या वचनसिद्धता * गंभीरता हो या सरलता * वाग्कला हो योगक्षेम कला * अप्रमत्तता हो या समयज्ञत्ता * विनय सम्पन्नता हो या आचार निष्ठा * साहित्य सृजन हो या काव्य सृजन * प्रभावकता हो या सादगीपूर्णता * निर्भयता, निर्मलता, निस्पृहता, सहनशीलता, समभाव इन सभी क्रियाओं में आप सिद्ध थे, प्रसिद्ध थे, माहिर थे, जगजाहिर थे।

हम भी गुरुदेवश्री के गुणों का अनुशरण कर हमारे जीवन में उन्हें जीवंत रखेंगे.... यही भावना...

।। शास्त्रवचनम् ।।

सद्गुरुः किंस्वरुपम् ?

(पुण्यसम्राट ज्ञानजनम् पर्व-पाटण)

* **देशको गुरुरुच्यते (पंचाशक प्रकरण-टीका)**

जो धर्म के ज्ञाता हो, धर्म का आचरण करने वाले हो, हमेशा धर्म में तत्पर हो, एवं जीवों को धर्मशास्त्रों का सत्य उपदेश देने वाले 'गुरु' कहे जाते हैं।

* **गुरवो मताः (योगशास्त्र)**

जो पंच महाव्रतधारी हो, धीर स्वभावी हो, भिक्षा द्वारा जीवन निर्वाह करने वाले हो, समभाव में स्थित हो, धर्म के उपदेशक हो, उसे 'गुरु' कहा जाता है।

* **एरिसा गुरुणो (संबोध सित्तरी)**

पांच इन्द्रियों के दमन में तत्पर, जिन्होने जिनकथित सिद्धान्तों में से परमार्थ ग्रहण किया हो, ऐसे पंच समिति, तीन गुप्ति से गुप्त 'गुरु' की शरण प्राप्त हो।

* **तेऽहं गुरुं सययं पूययामि (दशवै कालिक सूत्र)**

